



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 321/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, रविवार 07 जुलाई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



सोना 710 बढ़कर 73,800 पर पहुंचा: एक किलो चांदी 1,600 बढ़कर 94,800 में बिक रही, 78 हजार तक जा सकता है गोल्ड

सांध्यप्रकाश विशेष

## अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की महोत्सवी यात्रा शुरू हुई, अमित शाह, सीएम पटेल ने की पूजा-अर्चना







**अहमदाबाद।** अहमदाबाद शहर में रविवार सुबह भगवान जगन्नाथ की 147वीं रथ यात्रा शुरू हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए जुलूस मार्ग पर उमड़ पड़े। भक्तों की काफी भीड़-भाड़ के चलते प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा कि है। जहां भगवान के प्रति भक्तों का काफी प्रेम भाव देखा जा रहा है।

भगवान जगन्नाथ के बारे में ऐसा माना जाता है कि भागवाना के रथ को उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथों को खलाशी समुदाय के सदस्य के द्वारा खींचा जाता हैं। यह रथ यात्रा हर साल आषाढ़ी बीज पर निकाली जाती है। इस वर्ष भगवान कि रथ यात्रा में कई भक्त का जमावड़ देखा गया है। भक्त इस अवसर पर अपनी पुर्ण उपस्थिति में भगवान का आशाीर्वाद प्राप्त करेंगे। जमालपुर इलाके में 400 साल पुराने भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथों के निकलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'मंगला आरती' की और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'पहिंद विधि' की, जिसमें सोने की झाड़ू से रास्ता साफ करने की रस्म होती है।

## अजब गजब: 14 साल रहे देश के पीएम, साइकल पर सवार होकर कहा अलविदा

नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रट ने अपना पदभार पूर्व खुफिया प्रमुख डिक शूफ को सौंप दिया है। 14 साल देश के प्रधानमंत्री रहने के बाद, जब उन्होंने अपना ऑफिस छोड़ा तो एक साधारण व्यक्ति की तरह साइकल पर सवार होकर निकले। अब उनकी इस सादगी की चर्चा इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है।

साइकिल चलाने के शौकीन हैं मार्क रट: नीदरलैंड में साइकिल चलाने का कल्चर है। यहां की सड़कों पर कम दूरी तय करने के लिए लोग अक्सर साइकिल का इस्तेमाल करते दिख जाएंगे। नीदरलैंड के पूर्व पीएम मार्क रट भी साइकिल चलाना खासा पसंद करते हैं। वे इसे एक फिटनेस एक्सरसाइज की तरह भी समझते हैं। मार्क रट को कई बार नीदरलैंड की सड़कों पर साइकिल चलाते स्पॉट किया गया है। वे अपने ऑफिस भी अक्सर साइकिल से आया करते थे। पीएम मोदी को गिफ्ट की थी साइकिल: मार्क रट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी साइकिल गिफ्ट कर चुके हैं। पीएम मोदी जब 2017 में नीदरलैंड के दौरे पर गए थे, तब पीएम मार्क रट ने उन्हें साइकिल गिफ्ट की थी। इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने ट्वीट करके दी थी। नाटो के महासचिव का पद संभालेंगे: पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद मार्क रट ने नए पीएम डिक शूफ को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके बाद सबसे विदाई लेकर वे साइकिल चलाते हुए निकल गए।



## डॉ एस सिद्धार्थ: एकदम आम आदमी जैसे इस आईएएस की बात ही कुछ और है

**पटना।** बिहार के शिक्षा विभाग को पिछले दिनों दो अलग-अलग मिजाज के अफसर मिले। पहले कड़क मिजाज आईएएस केके पाठक ने शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली, तो उन्होंने काफी बदलाव किए। शिक्षा व्यवस्था कैसे सुधरे इसको लेकर वे हर जिले में खुद पहुंचे। जैसे वे चर्चा में थे, वैसे ही उनकी जगह अपर मुख्य सचिव के पद पर जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी डॉ एस सिद्धार्थ भी सुर्खियों में हैं।





कई बार वह सड़कों पर अकेले घूमने भी निकल जाते हैं। पत्नी के साथ बुलेट पर भी घूमने निकल जाते हैं। फुटपाथ पर सेविंग करवाना और रिक्शा की सवारी भी करते रहते हैं। रोड पर सब्जी भी खरीदते दिखे। छठ में ठेकुआ भी बनाते हैं, जिसकी तस्वीरें वायरल हो चुकी। ये कड़क मिजाज वाले नहीं, बल्कि सादगी और अलग अंदाज के लिए चर्चा में हैं। अभी 4 जुलाई को डॉ एस सिद्धार्थ ट्रेन में सफर कर आरा पहुंच गए। यहां स्कूलों में जाकर निरीक्षण किया। बच्चों से और शिक्षकों से व्यवस्था के बारे में पूछा। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वे अभी कैबिनेट सचिव हैं और शिक्षा के अपर मुख्य सचिव भी। साथ साथ ही कई अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास हैं। वो एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक भी रहे हैं।

डॉ एस सिद्धार्थ 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से सूचना प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट की डिग्री (पीएचडी) ली। उन्होंने यहीं से 1987 में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक (बीटेक) किया। फिर आईआईएम अहमदाबाद (1989) से एमबीए भी किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में उन्होंने अपनी दूसरी पीएचडी भी की। दो पीएचडी समेत कई डिग्रियां: डॉ एस सिद्धार्थ के पास कई डिग्रियां हैं। साथ ही वे प्रशिक्षु पायलट भी रहे हैं। फ्लाइट उड़ाते हुए कई वीडियो और फोटो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए है। उन्हें फोटोग्राफी और पेंटिंग का भी शौक है। अपने 29 साल से अधिक के करियर में मुजफ्फरपुर, भोजपुर, औरंगाबाद और लोहरदगा के डीएम के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने भारत सरकार में भी उद्योग मंत्रालय के निदेशक के रूप में काम किया है। मुख्यमंत्री बिहार के सचिव, शहरी विकास सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, ग्रामीण निर्माण विभाग, श्रम सचिव और उद्योग विभाग के प्रधान सचिव के रूप में भी काम किया।







**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह के साथ राजबाड़ा पहुंचकर देवी अहिल्या की प्रतिमा में माल्यार्पण किया और ऐतिहासिक राजवाड़ा परिसर में वृक्षारोपण किया। प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायक गण एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर आर्शीवाद लिया।

## कल हो सकता है मोहन मंत्रिमंडल का विस्तार

### कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए रामनिवास रावत बनेंगे मंत्री, कमलेश शाह भी ले सकते हैं शपथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल का विस्तार कल यानी सोमवार को हो सकता है। इसमें कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए रामनिवास रावत मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, राजभवन में सुबह 9 बजे शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। रावत के अलावा अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार कमलेश शाह को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की भोपाल में हो रही बैठक के बाद आज देर शाम लिया जाएगा।





फिलहाल प्रदेश मंत्रिमंडल में 4 पद खाली हैं, जिन्हें भरा जाना है। वर्तमान में डॉ. मोहन सरकार में 30 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल में अधिकतम 34 मंत्री हो सकते हैं। रावत को मंत्रिमंडल में शामिल होने से पहले विधानसभा की सदस्यता छोड़नी होगी। श्योपुर की विजयपुर सीट से 6 बार के विधायक रामनिवास रावत ने 30 अप्रैल 2024 को कांग्रेस छोड़ी थी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और बीजेपी जॉइनिंग टोली के मुखिया नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में श्योपुर के एक कार्यक्रम में बीजेपी की सदस्यता ली थी। वहीं, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से विधायक रहे कमलेश शाह ने 29 मार्च 2024 को विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा जॉइन की थी।

## 23 जुलाई को पेश होगा मोदी 3.0 का पहला बजट

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया की संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 का बजट पेश करेंगी। रिजिजू ने कहा कि सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वहीं, केंद्रीय बजट, 2024-25, 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी वर्ष होने के कारण इस साल दो बार बजट पेश हो रहा है। इससे पहले एक फरवरी, 2024 को एक अंतरिम बजट पेश किया गया था। अब सरकार के गठन के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस बजट के पेश करने के साथ ही सीतारमण के नाम एक अनोखा रेकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। वह लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। मोरारजी देसाई के नाम लगातार छह बजट पेश करने का रेकॉर्ड था जिसकी सीतारमण बराबरी कर चुकी हैं। फरवरी में पेश अंतरिम बजट में सीतारमण ने राजकोषीय घाटे ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी का 5.1 फीसदी रखने का लक्ष्य रखा था। सरकार ने अंतरिम बजट में कैपिटल एक्सपेंडीजर पर जोर देते हुए इसमें 16.9 फीसदी बढ़ोतरी की थी। इस मद में 11.11 लाख करोड़ का प्रावधान किया था। रोड और हाइवेज मिनिस्ट्री के कैपेक्स 2.9 फीसदी और रेलवे मिनिस्ट्री का पांच फीसदी बढ़ाया गया था।




### किस पर होगा जोर

यह बजट कैसा होगा, इसकी झलक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में मिल गई थी। संसद के संयुक्त अधिवेशन में उन्होंने कहा था कि इस बार बजट में कई ऐतिहासिक कदम देखने को मिलेंगे और सुधारों की रफ्तार को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का विजन दिया है। माना जा रहा है कि उस बजट में उसकी नीतियों की झलक देखने को मिलेगी। इसमें रोजगार और मैक्रोइकनॉमिक स्टैबिलिटी पर फोकस रहने की उम्मीद की जा रही है।

## 29 लोस सीटें जीतने का जश्न मनाने भाजपा की मेगा बैठक









**भोपाल।** रवींद्र भवन में हो रही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुरू हो गई है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने रविवार को विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति' बैठक में डिजिटल पंजीयन किया। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद, महामंत्री भगवानदास सबनानी, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार सहित कई नेता बैठक में पहुंच चुके हैं। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत के बाद भाजपा की ये पहली बैठक है। दिन भर चलने वाली इस बैठक में केंद्र सरकार में शामिल 6 मंत्रियों और नवनिर्वाचित सांसदों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा और लोकसभा चुनाव में संगठन के कामों की भी समीक्षा होगी। दो सत्रों में होने वाली ये बैठक दिनभर चलेगी। इसमें लगभग 200 से अधिक वरिष्ठ नेताओं समेत 1000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। संगठन प्रभारी शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के अलावा कई वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक में केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर बीजेपी राजनीतिक प्रस्ताव लाएगी। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों का ऐलान भी करेगी। यह पहला मौका है जब भाजपा ने अपने मंडल अध्यक्षों को भी प्रदेश कार्य समिति की बैठक में बुलाया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 163 और लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें जीतीं हैं। इस ऐतिहासिक जीत पर पार्टी बैठक के दौरान जनता और कार्यकर्ताओं का आभार करेगी। बैठक में प्रस्ताव लाकर कहा जाएगा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए उनका आभार व्यक्त करें।

### राहुल गांधी ने सीएम योगी को पत्र लिखा-

## हाथरस पर सांत्वना के शब्द कम पड़ गए, दोषियों को कठोर सजा दी जाए

**लखनऊ।** हाथरस घटना को लेकर राहुल गांधी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। कहा- हादसा इतना दुखद है कि परिजनों से मिलते समय मेरे पास सांत्वना के शब्द भी कम पड़ गए। दोषियों को कठोर सजा दी जाए, जिससे दोबारा ऐसी घटना न हो। राहुल ने हादसे के लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग की। उधर, हाथरस हादसे के बाद भोले बाबा के सेवादार का ऑडियो सामने आया है। इसमें वो कह रहा है कि बाबा ने कहा था आज प्रलय होगी। कई लोगों की मौत होगी। प्रलय हो भी गई। अपने आप ही लोग सड़क पर गिरने लगे। फिर लाशें बिछ गईं।



न्यायिक जांच आयोग की टीम आज जिला अस्पताल में घायलों से पूछताछ कर सकती है। शनिवार को टीम ने डीएम और एसपी से घटना के बारे में जानकारी ली थी। घटनास्थल का निरीक्षण किया था। पुलिस ने भोले बाबा की राजनीतिक फंडिंग की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस: लोकसभा प्रत्याशियों से चर्चा, संगठन की मजबूती के लिए सुझाव

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अब एमपी में संगठनात्मक मजबूती के लिए काम करेगी। इसके लिए शनिवार को दिन भर संभागवार विधानसभा प्रत्याशियों की बैठक कर हार के कारण जानने के बाद आज लोकसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों के साथ बैठक शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ यह बैठक ले रहे हैं।




लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 27 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे। उन सबको बैठक में बुलाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस की अलग-अलग कमेटियों की भी बैठक होगी। भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि कल पहले चरण के मंथन का कार्यक्रम था। उसमें 13 से 14 घंटे चर्चा हुई है। सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों से और एमएलए से बहुत सारे नए आइडिया आए हैं। उन पर किस तरीके से कार्ययोजना बनाई जाएगी। 10 से 15 दिन में नई कार्यकारिणी बन जाएगी।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, चारधाम यात्रा रोकी गई

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गया है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं।

असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 58 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में भी 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं।

# भोपाल के रवींद्र भवन में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक







## स्टार हैल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी चला रही जागरुकता अभियान



**भोपाल।** भारत की सबसे बड़ी रिटेल हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी, स्टार हैल्थ एंड अलाईड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हैल्थ इंश्योरेंस) मध्य प्रदेश में बीमा की जागरुकता और शिक्षा बढ़ाने के लिए अनेक अभियान चला रही है। ये अभियान हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की स्टार हैल्थ इंश्योरेंस की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। स्टार हैल्थ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, आनंद रॉय ने कहा, ''भारत में स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता के रूप में हम बीमा की जागरुकता ब?ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। ''2047 तक सभी तक बीमा'' पहुँचाने के आईआरडीएआई के मिशन के अनुरूप ये जागरुकता अभियान खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। हमारा मानना है कि सबसे सरल रूप में जानकारी उपलब्ध कराके और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करके हम सामुदायिक सदस्यों को बीमा के निर्णयों में ज्यादा आत्मविश्वास और

# नवनिध पब्लिक स्कूल में हुआ प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत शिरोमणि हिरदाराम साहिबजी की असीम अनुकंपा व शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के प्रेरणा पुंज श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के पावन आशीष से नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की सत्र 2023-24 की कक्षा पहली से नवीं, ग्यारहवीं एवं सी.बी.एस.ई बोर्ड की दसवीं व बारहवीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करने वाली 142 छात्राओं को सम्मानित करने हेतु प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह का आयोजन संत हिरदाराम सभागार में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की सुनियोजित दिनचर्या,अध्ययन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण , लगनशीलता, आत्मविश्वास ,उनके कठिन परिश्रम की प्रशंसा तथा उनके हृदय में अपने माता-पिता के त्याग के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करना रहा ताकि अन्य छात्राएँ भी इनसे प्रेरित होकर अध्ययन के प्रति गंभीर दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम में सम्मानित की जाने वाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सहर्ष आमंत्रित किया गया था। सोसाइटी द्वारा मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, स्कूल बैग व लंच बॉक्स देकर पुरस्कृत किया तथा उनके अभिभावकों को सरोपा, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ भारती, माँ सरस्वती एवं संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के छायाचित्रों के समक्ष दीप




प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार सुश्री किरण धाकड़ (तहसील काला पीपल) एवं डॉ. आफ़रीन आलम(जे.पी. अस्पताल, भोपाल) विशिष्ट अतिथि डॉ. बेनजीर आलम (चिकित्सक हमीदिया अस्पताल ,भोपाल ) , शहीद हेमु कालानी एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी ,सचिव श्री घनश्याम बूलचंदानी , सह सचिव श्री के.एल रामनानी, अकादमिक डायरेक्टर श्री गोपाल गिरधानी, प्रबंधन समिति के सदस्य मनोहर वासवानी, विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी, उप-प्राचार्या रेखा केवलानी, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाऍं, कक्षा पहली से बारहवीं तक की छात्राएँ एवं आमंत्रित अभिभावक उपस्थित हुए। विद्यालय हेतु यह अत्यंत गर्व का विषय रहा कि इसी विद्यालय की पूर्व छात्राएँ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। सर्वप्रथम मंचासीन सम्माननीय अतिथियों का पुष्प गुच्छों द्वारा स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने अपने संप्रेषण संदेश में छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ तथा उनकी अपार सफलता हेतु बधाई प्रेषित की। अभिभावकों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी जी ने तहसीलदार किरण धाकड़ का उदाहरण देते हुए छात्राओं को प्रेरित किया कि वे भी अपने दृढ़ निश्चय, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से अपने सपनों को साकार करें।

इसके लिए विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को आत्मसात करना अति आवश्यक है। संस्कारों का उजाला ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है और विद्यालय जीवन में किया गया परिश्रम ही विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य का आधार बनता है। छात्राओं के साथ- साथ उन्होंने उनके अभिभावकों व शिक्षिकाओं को भी शुभकामनाएँ दीं, जिनके परिश्रम और सहयोग से छात्राओं ने उत्तम प्रदर्शन किया। उन्होंने इस सोसाइटी के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अपने साथी सदस्यों घनश्याम बूलचंदानी,के.एल रामनानी एवं मनोहर वासवानी के

# अपने जन्मदिवस पर एक पेड़ अवश्य लगाएं : न्यायाधीश मृदुल लटौरिया

## एल.वी.एस. ग्रुप ऑफ स्कूल ने 200 पेड़ लगाए






**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के कुशल मार्गदर्शन में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल में दिनांक 06 जुलाई 2024 को जिला विधिक प्राधिकरण भोपाल से आए माननीय न्यायाधीश मृदुल लटौरिया अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, स्वपनिल वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं सुसृष्टि कुशवाहा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के संचालक योगेश हिंगोरानी ने माननीय न्यायाधीश मृदुल लटौरिया, वपनिल वर्मा, एवं सुसृष्टि कुशवाहा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रांगण में लगभग 200 छात्राओं को जिला विधिक प्राधिकरण भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश मृदुल लटौरिया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ल?कियों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए, वह जहां भी रहें निडर होकर रहें और साहसी बनें यदि कोई असामाजिक तत्व आपको परेशान कर रहा है तो इस टेलीफोन नंबर 0755-2555935 पर सूचित करें एवं टोल फ्री नंबर 15100 पर भी सूचना दें जिससे पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तुरंत कार्यवाही कर सके। माननीय न्यायाधीश महोदय जी ने मौलिक कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी हमारा मौलिक कर्तव्य है हमें अपने पर्यावरण की सुरक्षा एक पे? लगाकर करनी चाहिए और उन्होंनें संकल्प भी दिलवाया की आप अपने-अपने जन्मदिवस पर एक पे? अवश्य लगाऐंगें और उसकी देखरेख भी करेंगें। इस तरह हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं। प्लास्टिक की पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं अपने आसपास जिन्हें भी प्लास्टिक पॉलीथीन का प्रयोग करते देखें तो उन्हें अवश्य रोकें एवं उनसे होने वाले पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराएं जिससे पर्यावरण की सुरक्षा हो सके। इस अवसर पर उपस्थित जिला विधिक प्राधिकरण में पदस्थ राजकुमार थावानी जी ने विधिक सेवा प्राधिकरण की अन्य योजनओं के बारे में जानकारी दी तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय की प्राचार्या श्रीमती जयममतानी ने किया।

### मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने गुलाब उद्यान में किय वृक्षारोपण

राजधानी के प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालय मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के कक्षा सातवीं एवं आठवीं के छात्रों ने भोपाल



नगर-निगम द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान के तहत संत हिरदाराम नगर स्थित गुलाब उद्यान में वृक्षारोपण कर प्रकृति एवं माँ के प्रति समर्पण की भावना को व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि 'मन की बात' कार्यक्रम के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों का आव्हान किया था कि प्रति वर्ष जुलाई माह में आयोजित किए जाने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम वन-महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष 'एक पे? - माँ के नाम' पर लगाएं। इस अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा घोषणा की गई कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस वर्ष साढ़े पाँच करोड़ पौधा-रोपण का संकल्प लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के महत्त्व को भी प्रतिपादित करना है। विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति के प्रति दायित्वबोध की इस भावना के अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने अपने संप्रेषित संदेश में कहा कि जिस प्रकार माँ, अपने शिशु का लालन-पालन करती है, ठीक उसी प्रकार विद्यार्थी स्वरोपित वृक्षों के प्रति समर्पित बने रहे। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं प्राचार्य अजय बहादुर सिंह द्वारा छात्रों की इस पहल पर शुभकामनाएँ देते हुए वृक्षारोपण की क्रमबद्धता को बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल का समस्त शिक्षक परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल में पौधारोपण किया

क्राईस्ट मेमोरियल को.एड.सी.से. विद्यालय में पौधारोपण किया गया। हमारे देष के यषस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल संत हिरदाराम नगर में भी पोधारोपण किया गया। हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा कहा गया कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत प्रदेष में सोढ़े पांच करोड़ पौधे रोपे जाएंगें। इसकी षुरूआत हमारे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा जंबूरी मैंदान में पौधारोपण करके किया गया। इस अभियान के साथ जुड़कर हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधारोपण में बड़े ही उत्साह से भागीदारी दी। और विद्यालय के प्रांगण में पौधे रोपे। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ जी द्वारा कहा गया कि हमें अपने जीवन में पौधा जरूर लगाना चाहिए। पौधे को पेड़ बनते देर नहीं लगती है, बस उन्हें भी प्यार और देखभाल की जरूरत होती है। पौधे में नियमित रूप से पानी और खाद डालना

# 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ वार्षिक तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में सेन्ट्रल इण्डिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश बजट सन्देश-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.अखिलेश कुमार पाण्डेय ने की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथजी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री विवेक जोशी, सेन्ट्रल इण्डिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स की उज्जैन इकाई के अध्यक्ष श्री माणकलाल गिरिया, उपाध्यक्ष श्री आनन्द बांगड़, सचिव श्री यशवंत जैन, श्री संजय अग्रवाल, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री राजेन्द्र भारती, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार राज्य का बजट पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। इस बार का बजट विकासोन्मुखी है। प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिये बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। अगले पांच वर्षों में प्रदेश का बजट सात लाख करोड़ रुपये वार्षिक तक ले जाने का प्रयास है। इस बार के बजट में प्रदेश के समग्र विकास के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। हमें अधोसंरचनात्मक विकास पर विशेष ध्यान देना है, ताकि आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। खेती

## मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश बजट सन्देश-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए

के लिये पर्याप्त सिंचाई हो सके, इसके लिये हमें मिलने वाले पानी का पूर्ण उपयोग करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि गंभीर डेम में पाईप लाइन के माध्यम से मां नर्मदा का पानी भरा जायेगा।

यशवंत सागर बांध को भी पाईप लाइन के माध्यम से भरने का कार्य किया जायेगा। इस प्रकार बांधों में वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा। चंबल, पार्वती, कालीसिंध नदी के जल का उपयोग करने के लिये केन्द्र सरकार से 35 हजार करोड़ रुपये की राशि से कार्य योजना बनाई जा रही है, जिससे प्रदेश के कई जिलों को लाभ मिलेगा।



प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश भाजपा की मीडिया टीम







इंदौर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# विंध्याचल स्कूल ने साइकिल मैराथन निकाली




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रविवार को विंध्याचल स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षकों द्वारा मिनी साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से विद्यालय परिवार ने कोलार क्षेत्र में वर्षा ऋतु में जल संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचा रैली प्रात: 7 बजे से चलकर प्रात: 8:30 पर समाप्त हुई बच्चों को स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ जन-जन को जागृत किया बच्चों ने अपनी कलाकृति वह संस्कृति के माध्यम से जन समूह में जल की महत्व को समझाया और जल संरक्षण के उपाय बताएं जल है तो जीवन है जीवन ही आनंदम है, विंध्याचल का नारा है घर-घर जाकर बूंद-बूंद पानी को बचाना है।

साइकिल मिनी मैराथन का शुभारंभ संस्था की निर्देशिका कुमकुम लीला व प्राचार्य मोहन राणा द्वारा किया गया इस शुभ अवसर पर संस्था की प्रबंधन के ओर से सुनैना व शुभम मौजूद रहे और छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय के एकेडमिक शाखा से वाइस प्रिंसिपल स्वाती वादुलकर, हेडमिस्ट्रेस रशमी कुंडली, जनसंपर्क अधिकारी अलका द्विवेदी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और यह प्रण लिया कि संस्था इस तरह के जागरूकता अभियान को आगे भी जारी रखेगी।

## सांसद आलोक शर्मा ने एम्स भोपाल में पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर का उद्घाटन किया



**भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने आज एम्स भोपाल में अत्याधुनिक पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर का उद्घाटन किया। यह 3डी प्रिंटिंग तकनीक का लेटेस्ट मॉडल है जो मल्टी-डेंसिटी और मल्टी-कलर प्रिंटिंग की सुविधा भी प्रदान करता है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए श्री आलोक शर्मा ने स्वास्थ्य सेवा में इस तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा, पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर डाक्टरी के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर है, जो डाक्टरों को उनके कौशल को बढ़ाने और रोगी परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सहायक होगा । यह सुविधा न केवल एम्स भोपाल को लाभान्वित करेगी, बल्कि अन्य चिकित्सा संस्थानों के लिए एक बेंचमार्क भी स्थापित करेगी। इस दौरान उन्होंने एम्स भोपाल में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा और अस्पताल में लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री शर्मा ने कहा कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर अजय सिंह के नेतृत्व में, एम्स भोपाल आगे भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। इस नई सुविधा से चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में विशेष सहायता मिलेगी।

## समाज सेवक के रूप में कार्य सम्पादित करें समिति प्रबंधक: सहकारिता मंत्री सारंग

**भोपाल।** सहकारिता एवं खेलकूद युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने शनिवार कोमध्यप्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में आईबीपीएस के माध्यम से चयनित समिति प्रबंधको को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी दायित्व उन्हें मिला है, उसे पूरी ईमानदारी से निभायें। कोई भी काम छोटा नहीं होता। सफल इंसान वह है जो प्रतिदिन नए ढंग से अपने काम को करते है।

आज आप यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपको जो चार महत्वपूर्ण बिंदु ऋण वितरण, वसूली, उपार्जन एवं नवाचार संबंधी जो महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है, उसका पूरा अनुसरण करेंगे। आप अपनी समिति में सेवा भाव से अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं कनिष्ठ अधिकारियों तथा समिति के सभी सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल रखकर अपने कर्तव्य का निष्पादन भी करेंगे। मंत्री श्री सारंग अपेक्स बैंक एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ संयुक्त तत्वाधान में भोपाल के न्यू मार्केट स्थित समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सारंग ने समिति प्रबंधकों से संवाद भी किया। मंत्री सारंग ने युवा साथियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को साकार करने की दिशा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सपने मध्यप्रदेश में आप सभी के माध्यम से साकार हों। मंत्री सारंग ने कहा कि आप बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं समितियां को उपलब्ध कराएंगे तो समितियॉं निश्चित रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर होंगी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ भी बनेंगी।

## प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई की सुविधा के निरंतर विस्तार के साथ ही जल के अधिकतम उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं एवं नए कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृध्दि होगी। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2003 में सिंचाई की स्थिति बहुत खराब थी। वर्तमान में प्रदेश के सिंचाई क्षमता लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर एवं वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टर सिंचाई का रकबा किए जाने का हमारा लक्ष्य है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश में 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइजड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 48 लाख हैक्टर सिंचाई क्षमता संवर्धितहोगी। इसी प्रणाली का उपयोग कर प्रदेश पूर्व निर्मित सिंचाई परियोजनाओं के अतिशेष जल से अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र विकसित

## एम्स भोपाल में हाथ की सर्जरी के 76वें आईएसएसएच बेसिक कोर्स का आयोजन




**भोपाल।** एम्स भोपाल में आज 6 जुलाई 2024 को 76वें आईएसएसएच बेसिक कोर्स की शुरुआत हुई, जो मध्य भारत में अपनी तरह की पहली कार्यशाला है । यह दो दिवसीय कार्यक्रम, एम्स भोपाल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग द्वारा बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभाग और भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन्स सोसाइटी (बीओएसएस) के सहयोग इंडियन सोसाइटी फॉर सर्जरी ऑफ द हैंड (आईएसएसएच) के तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

कार्यशाला का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने किया, जिन्होंने हाथ की सर्जरी के महत्व पर चर्चा की । हाथ की सर्जरी बहुत एक बहुत ही जटिल सर्जरी होती है। शुरुआती चरण में ही, हमें आगे की जटिलताओं को कम करने का प्रयास करना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण पहलू कुचले हुए हाथ का प्रबंधन करना है ताकि उसकी अधिकतम कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। सभी ऑर्थोपेडिक सर्जनों को हाथ की सर्जरी की मूल बातें सीखनी चाहिए, क्योंकि यह ट्रॉमा केयर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है, प्रो. सिंह ने कहा। डॉ. जॉन संतोषी ने कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों का स्वागत किया। भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता ने हाथ की चोटों के सामाजिक-आर्थिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा 90 प्रतिशत मामलों में, हाथ की चोटें गरीब या निम्न-मध्यम वर्ग के व्यक्तियों में होती हैं। यह समझना ज़रूरी है कि हम इन चोटों का बेहतर इलाज कैसे कर सकते हैं।

# इंदौर में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने 900 करोड़ की लागत के विकास कार्य होंगे

**उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने मास्टर प्लान तैयार करने के दिये निर्देश, एमजीएम मेडिकल कॉलेज की सामान्य परिषद की बैठक में शामिल हुए**





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर की स्वशासी संस्था की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने चिकित्सा महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में आगंतुक मरीज़ों की संख्या, प्रदाय चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के एमवाय अस्पताल सहित इससे जुड़े अन्य अस्पतालों के जीर्णोद्धार, विस्तार, विकास एवं इन्हें अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से युक्त करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। एमवाय अस्पताल में 100 बेड का नया ट्रामा सेंटर भी बनाया जाएगा साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नई सेवाएं जोड़ी जाएंगी। एमवाय अस्पताल के विभिन्न विभागों की बेड संख्या भी बढ़ाई जाएगी। कैंसर अस्पताल को विस्तारित किया जाएगा।

**मरीज़ों के बेहतर उपचार के लिए सुविधाओं का विस्तार ज़रूरी:** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि एमवाय अस्पताल मालवा सहित पूरे मध्य भारत का सबसे बड़ा अस्पताल है। अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, बेहतर से बेहतर ईलाज मिले इसके लिए सुविधाओं का विस्तार अत्यंत जरूरी है। रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के लिए भी उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए चर्चानुसार 7 दिन में मास्टर प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से एमवाय अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हॉस्पिटल, एमटीएच अस्पताल, क्षय रोग निदान अस्पताल सहित अन्य अस्पताल संबद्ध हैं। प्रस्तावित विकास कार्यों में 900 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

**मैमोग्राफी डिजिटल मशीन का लोकार्पण किया:** उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने एमवाय हॉस्पिटल में मैमोग्राफी केंद्र एवं मैमोग्राफी डिजिटल मशीन का लोकार्पण किया। मैमोग्राफी एक एक्स-रे इमेजिंग विधि है, जिसका उपयोग कैंसर और अन्य स्तन रोगों का शीघ्र पता लगाने के लिए किया जाता है। यह केन्द्र स्थापित होने से स्तन रोगों और स्तन कैंसर की समय से जाँच कर मरीजों का उपचार किया जा सकेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया और गोलू शुक्ला, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण कुमार पिथोड़े, अपर

## जिला चिकित्सालय इंदौर की बिल्डिंग का निर्माण कार्य 8 माह में पूर्ण किया जाए



उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जिला चिकित्सालय इंदौर की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की विशेष प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्माणाधीन बिल्डिंग के नक्शे और डिजाइन का अवलोकन किया तथा तदानुसार निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने भवन की जी-प्लस वन बिल्डिंग का कार्य दो माह में तथा पूरे भवन का निर्माण कार्य 8 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय निर्माण कार्य के साथ उपकरणों की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्यवाही की जाए। उन्होंने विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को निर्माण कार्य एवं आवश्यक उपकरणों के इंस्टालेशन की कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित करने और भवन निर्माण की प्रगति की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण कुमार पिथौड़े, मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड के एमडी डॉ. पंकज जैन, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन, विभागीय अधिकारी निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि

# जगन्नाथ रथयात्रा




जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन हर साल उड़ीसा के पुरी में होती है। हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से लेकर दशमी तक रथ यात्रा का आयोजन होता है और देश-दुनिया से इस यात्रा का दर्शन करने के लिए भक्त आते हैं। रथ यात्रा में हर साल तीन रथ शामिल किए जाते हैं। जिसमें से एक रथ भगवान जगन्नाथ, एक बलरामजी और एक बहन सुभद्रा का होता है।

जगन्नाथ रथ यात्रा का आरंभ इस साल सात जुलाई से हो रहा है। जगन्नाथ रथ यात्रा का आरंभ हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से होता है और यह रथ यात्रा दशमी तिथि को समाप्त होती है। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार माने जाने वाले भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और अपनी बहन सुभद्रा के साथ हर साल उड़ीसा के पुरी शहर में रथ की सवारी करने निकलते हैं और इस यात्रा को दुनिया भर में रथ यात्रा के नाम से जाना जाता है। जगन्नाथजी की रथयात्रा में शामिल होने का पुण्य सौ यज्ञों के बराबर माना जाता है। जानकार बताते हैं कि रथ यात्रा की तैयारी अक्षय तृतीया के दिन से श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा के रथों के निर्माण के साथ ही शुरू हो जाती है। यहां पुरी में भगवान जगन्नाथ का 800 साल पुराना मंदिर है और यहां भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ के रूप में विराजते हैं। आइए आपको बताते हैं इस ऐतिहासिक रथ यात्रा की शुरुआत कैसे हई और साथ ही यह भी तीनों रथों से जुड़ी खास बातों के बारे में भी जानिए।

कैसे शुरू हुई जगन्नाथ रथ यात्रा: धार्मिक मान्यता के अनुसार एक बार बहन सुभद्रा ने अपने भाइयों कृष्ण और बलरामजी से नगर को देखने की इच्छा प्रकट की। फिर दोनों भाइयों ने बड़े ही प्यार से अपनी बहन सुभद्रा के लिए भव्य रथ तैयार करवाया और उस पर सवार होकर तीनों नगर भ्रमण के लिए निकले थे। रास्ते में तीनों अपनी मौसी के घर गुंडिचा भी गए और यहां पर 7 दिन तक रुके और उसके बाद नगर यात्रा को पूरा करके वापस पुरी लौटे। तब से हर साल तीनों भाई-बहन अपने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं और अपनी मौसी के घर गुंडीचा मंदिर जाते हैं। इनमें सबसे आगे बलराम जी का रथ, बीच में बहन सुभद्रा का रथ और सबसे पीछे जगन्नाथजी का रथ होता है।

भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन के रथ नीम की परिपक्व और पकी हुई लकड़ी से तैयार किए जाते हैं। इसे दारु कहा जाता है। रथ को बनाने में केवल लकड़ी को छोड़कर किसी अन्य चीज का प्रयोग नहीं किया जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ में कुल 16 पहिए होते हैं और यह बाकी दोनों रथों से बड़ा भी होता है। रथ यात्रा में कुछ धार्मिक अनुष्ठान भी किए जाते हैं। मान्यता है कि इस रथ यात्रा का साक्षात दर्शन करने भर से ही 1000 यज्ञों का पुण्य फल मिल जाता है। जब तीनों रथ यात्रा के लिए सजसंवरकर तैयार हो जाते हैं तो फिर पुरी के राजा गजपति की पालकी आती है और फिर रथों की पूजा की जाती है। उसके बाद सोने की झाड़ू से रथ मंडप और रथ यात्रा के रास्ते को साफ किया जाता है। **( साभार ) राजेश नारायण श्रीवास्तव**

# 100 करोड़ का प्लेन खरीदने वाले 5 लाख का ट्रेक्टर नहीं ख़रीद पा रहे थे

**राजीव शर्मा**



पिछली बार जलते विमान का अनुभव साझा किया था इस बार एक और वायुयान कथा .माया महाठगिनी मानने वाले हम लोग सत्ता को भी माया की बहन ही मानते हैं.माया की सत्ता की तरह ही सत्ता की माया भी अपरम्पार है .सत्ता जब खुश हो तो सुदामा की कुटिया महल हो जाती है और रूठ जाये तो महलों में चमगादड़ बसेरा बना लेते हैं .तब मैं आयुक्त हाथकरघा और हस्त शिल्प था और वीआई पी रोड पर गौहर महल में एक हस्त शिल्प मेले में मौजूद था .तभी मेरा मोबाइल बजा। मेरे प्रमुख सचिव का फ़ोन था। राजीव आप को अभी तत्काल आयुक्त विमानन का प्रभार लेना है .सर मैं कल ले लूँ तो क्योंकि अभी 6ः30 हो रहा है और मुझे यहाँ से निकलने में एक घंटा लगेगा।

नहीं भई अभी पालन प्रतिवेदन भेजना है उन्होंने गंभीर स्वर में कहा .तब सर प्रभार ग्रहण के कागज आप यहीं भेज दीजिये, मैं यहीं हस्ताक्षर कर प्रभार ले लूँगा -मैंने सुझाया .ओके मैं वहीं कागज भेजता हूँ। फ़ोन रखकर मैं सोचने लगा कि क्या घटनाक्रम घटा होगा कि प्रमुख सचिव जो विमानन के भी प्रमुख सचिव हैं और आयुक्त विमानन का प्रभार भी देख रहे हैं, अचानक इस प्रभार से क्यों मुक्त किये जा रहे हैं?

प्रश्न कई थे पर कौन उनके उत्तर देता? कुछ देर में उनका दूत कागज लेकर आया .साथ में सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश भी था जिसमे प्रमुख सचिव के स्थान पर मुझे आयुक्त विमानन बनाया गया था .मुझे अजीब लग रहा था .मैं अपने प्रमुख सचिव को पसंद करता था इसलिये भी अच्छा नहीं लगा .घर आया तो टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज़ चल रही थी कि प्रमुख सचिव को हटाकर मुझे अतिरिक्त प्रभार दिया गया है .आजकल यही रीत है आपका स्थानांतरण नहीं होता आप हटाये जाते हैं.मेरा कार्यभार और दौड़ भाग दोनों बढ़ गई थी .अपने तीन दफ़्तरों में तालमेल बैठाने पूरे समय दौड़ता रहता .दिन मृगनयनी के प्रबंध संचालक के कार्यालय से शुरू होता .दोपहर हथकरघा में और शाम विमानन में।

विमानन में एक प्लेन ख़रीदना था .कुछ पायलट भर्ती करने थे .कुछ वर्षों से उलझे मामले थे .मज़े की बात ये कि दीये के ठीक नीचे गहरा अंधेरा था .जहाँ से लगभग रोज़ ही सरकार का मुखिया उड़ान भरता हो वहाँ घनघोर अव्यवस्था और अराजकता थी .पायलट बिना वर्दी थे ,विमान खुले में खड़ा रहता था जहाँ उसकी सुरक्षा को ख़तरा था .विमान को हैंगर में ले जाने के लिये कर्मचारी हाथ से धकेलते थे जबकि कोई वाहन उसे खींचने के लिये वांछित था .सौ पचास करोड़ का प्लेन ख़रीदने वाले पाँच लाख का ट्रेक्टर नहीं ख़रीद पा रहे थे .राजकीय विमानतल के भवन के निरीक्षण में मुझे ढेरों मरे हुए कबूतर सड़ते हुए मिले .राजनीतिक स्थिरता भी सुशासन की गारंटी नहीं दे पा रही यह स्पष्ट था .सकारात्मक पहल करते हुए सभी पायलटों और स्टाफ़ को प्रेरित कर सुधार प्रारंभ किया .पायलट अब वर्दी में थे .उनकी जायज़ बातें सुनी जा रहीं थीं .कर्मचारी भी मनोयोग से काम करने लगे .शासन को आवश्यक प्रस्ताव फुर्ती से जाने लगे .परिसर चमकने लगा।

तभी एक दिन मेरा फ़ोन फिर बजा .प्रमुख सचिव ने बताया राजीव आपको तत्काल प्रभार छोड़ना है .यस सर-कहकर मैंने आदेश आते ही पुनः उन्हीं प्रमुख सचिव को प्रभार सौंप दिया .कई प्रश्न उठे पर उनके उत्तर किससे माँगता .मुझे तो सुविधा ही हुई भागदौड़ कम हुई- घर आया तो टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज़ थी कि मुझे हटाया गया।

# एक-दूसरे पर गरजते-बरसते राहुल-मोदी



**-अरुण पटेल**

2024 के लोकसभा चुनाव के बाद संसद सत्र काफी हंगामेदार रहा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक-दूसरे पर गरजते-बरसते, फब्तियां कसते नजर आये। लोकसभा में दस साल के बाद नेता प्रतिपक्ष के रुप में राहुल गांधी का मुकाबला नरेन्द्र मोदी से रहा और दोनों ने एक-दूसरे पर बढ़त लेने की भरपूर कोशिश की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के तेवर भी काफी तीखे रहे और एक बार उनकी सभापित जगदीप धनखड़ से नोंकझोक भी हो गयी। वहीं राहुल गांधी ने इशारों ही इशारों में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी अपने अंदाज में समझाइश देने की कोशिश की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां अपने अंदाज में यह जताने की कोशिश की कि भले ही भाजपा लोकसभा में बहुमत से काफी पीछे रह गयी हो लेकिन उनके चुनाव पूर्व गठबंधन को बहुमत मिला है इसलिए उनकी कार्यशैली में कोई अन्तर आने वाला नहीं है। जिस प्रकार उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद सरकार चलाई थी उसी अंदाज में वह अभी भी हैं, जबकि विपक्ष ने राहुल गांधी की अगुवाई में यह अहसास कराने की कोशिश की कि विपक्ष अब काफी मजबूत है और वह सदन से लेकर सड़क तक मोदी सरकार की घेराबंदी करने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने देगा। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपनी मांगों की लम्बी फेहरिस्त केंद्र सरकार के सामने रख दी है, देखने वाली बात यही होगी कि उनकी मांगों को केंद्र सरकार किस सीमा तक पूरा करती है, यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किए जाने वाले बजट प्रावधानों से ही पता चल सकेगा। लेकिन नायडू कांग्रेस से भी अपने तार तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी के माध्यम से जोड़े रखना चाहते हैं।गुरु-शिष्य की यह जोड़ी राजनीति में क्या कोई नया गुल खिलायेगी या नहीं इस पर राजनीतिक पर्यवेक्षकों की नजरे लगी हुई हैं। रेवंत रेड्डी के राजनीतिक गुरु नायडू हैं और इस समय दोनों अलग-अलग राजनीतिक खेमों में बल्लेबाजी कर रहे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में एक जीवन्त लोकतंत्र का न केवल अहसास कराया गया बल्कि हंगामे, तीखी नोंकझोंक और एक-दूसरे पर फब्तियां कसने का कोई अवसर सत्तापक्ष व विपक्ष ने नहीं छोड़ा। अपने प्रयासों में कौन कितना सफल रहा यह तो इस बात पर निर्भर करेगा कि किसकी बात मतदाताओं के गले उतरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर राहुल गांधी ने सीधे-सीधे तीखा शाब्दिक हमला करते हुए कहा कि अपने को हिन्दू कहते हैं और हमेशा हिंसा फैलाते रहते हैं, हिंसा की बात करने वाला हिंदू नहीं हो सकता। इस पर बीच में हस्तक्षेप करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गलत है। इस प्रकार उन्होंने हिन्दू समाज में अपने ढंग से यह संदेश देने की कोशिश की कि राहुल हिन्दू समाज के खिलाफ बोल रहे हैं, लेकिन तुरन्त ही राहुल ने भी कहा कि नहीं-नहीं, नरेंद्र मोदी, संघ और भाजपा, पूरा हिन्दू समाज नहीं है। राहुल का कहना था कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या ने भाजपा को संदेश दिया है। अयोध्या की जनता के दिल में नरेंद्र मोदी जी ने भय पैदा कर दिया, उनकी जमीन ली, घर गिरा दिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे लोकतंत्र ने सिखाया है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिये।

सोमवार एक जुलाई को दोनों सदनों में इस मायने में जीवन्त लोकतंत्र का अहसास हुआ जब दिन भर बहस चली, बायकाट नहीं हुआ और हंगामा तो खूब हुआ पर पक्ष-प्रतिपक्ष दोनों ने संयम दिखाया। सत्तापक्ष ने हस्तक्षेप कर आपत्ति दर्ज कराई लेकिन बहस चलती रही। यहां तक कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर सवाल उठाये तो भी सदन पटरी पर रहा। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष तथा सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर तीखे वार किये और लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष पर लगे आरोपों का करारा जवाब देने की भी कोशिश की। राहुल पर निशाना साधने में कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री और सत्तापक्ष पीछे नहीं रहा। लोकसभा अध्यक्ष ने बाद में जब राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंश कार्यवाही से विलोपित कर दिये इस पर भी राहुल गांधी ने एतराज जताया। जबकि भाजपा की मांग थी कि राहुल गांधी तुरन्त माफी मांगे। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा का कहना था कि पांच बार के सांसद होने के बाद भी राहुल गांधी संसदीय नियम और मर्यादा नहीं सीख पाये हैं। नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री अश्वनि वैष्णव, किरण रिजीजू और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल पर झूठे बयान और अमर्यादित आचरण से नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा गिराने का आरोप लगाया। साथ ही तंज किया कि आसंदी से कही गयी बात राहुल को समझ में नहीं आती, भला नये चुनकर आये सांसद उनसे क्या सीखेंगे?

**संगठन में बदलाव करती भाजपा**

लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने अपने दम पर 370 और सहयोगियों के साथ लगभग 400 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन वह इस लक्ष्य से काफी पीछे रह गयी, यहां तक कि अपने दम पर वह केवल 240 सीटें ही जीत पायी। अब उसने संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने का बीड़ा उठा लिया है और 24 राज्यों के प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। ऐसा महसूस न हो कि उसे जहां सफलता नहीं मिली वहां के ही प्रभारी बदले गये हैं, यही कारण रहा कि 29 सीटें जीतने के बाद भी मध्यप्रदेश के प्रभारी बदल दिये गये हैं। मध्यप्रदेश में मुरलीधर राव की छुट्टी हो गयी है। जहां तक राव का सवाल है उनके कुछ बयानों से अनावश्यक विवादों की स्थिति ही पैदा होती रही थी।

मुरलीधर राव प्रभारी रहे हैं लेकिन उनके जाने की वजह शायद यह भी थी कि वे प्रदेश की भाजपाई राजनीति में इतने हाशिए पर खिसक गये थे कि उन्हें पार्टी के ही लोग भूल गये। इसका सबसे बड़ा कारण उनका यह बयान था कि बनिया, ब्राह्मण तो उनकी जेब में हैं। इसके बाद ही पार्टी के नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व से इसकी शिकायत की थी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव हो गये, भाजपा ने लोकसभा की सभी 29 सीटें जीत लीं तथा विधानसभा में भी प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया लेकिन मुरलीधर राव कहीं नजर नहीं आये और वे एक प्रकार से प्रतीकात्मक प्रभारी ही रह गये थे। अब मध्यप्रदेश में यूपी के विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है और उनके साथ सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय को बनाया गया, जो कि दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने विभिन्न प्रदेशो में प्रभारी-सह प्रभारियों की नियुक्ति की है उसके अनुसार छत्तीसगढ़ का प्रभारी विधायक नितिन नवीन को बनाया गया है। झारखंड जहां चुनाव होने हैं वहां सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी संगठन के प्रदेश प्रभारी बनाये गये हैं जबकि केंद्रीय मंत्री तथा विदिशा से सांसद शिवराजसिंह चौहान वहां के चुनाव प्रभारी हैं, सह-प्रभारी के रुप में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शरमा बनाये गये हैं।

**और यह भी**

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा का तीसरा सत्र भी हंगामें की भेंट चढ़ गया, यह मानूसन सत्र 19 दिन का था जो पांच दिन में ही समाप्त हो गया। 14 दिन पहले ही सदन की कार्रवाई अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गयी। सत्र के पांचवें दिन 5 जुलाई शुक्रवार को आठ घंटे कामकाज के बाद विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। सत्र 14 दिन पहले समाप्त होने के कारण विधायकों के महत्वपूर्ण सवाल तो धरे के धरे रह गये, हालांकि सरकार ने अपना सरकारी कामकाज पूरा कर लिया। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा के वर्तमान सत्र के लिए निर्धारित सभी वित्तीय व शासकीय कार्य पूर्ण हो चुके हैं इसलिए कार्रवाई अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी जाए।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया, हालांकि विपक्ष ने इसका विरोध किया था। 16वीं विधानसभा और उसके पहले 15वीं विधानसभा के भी कई सत्र निर्धारित समय से पूर्व ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो चुके हैं, देखने वाली बात यही होगी कि इस विधानसभा के कार्यकाल में ऐसा कौन सा सत्र होगा जो निर्धारित अवधि तक चलेगा और विधायकों को समस्यायें उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

# रविवारीय गपशप फाइनेंस की आपत्ति के बावजूद जब एन के त्रिपाठी साहब के एक फोन पर मिली अनुमति



**आनंद कुमार शर्मा**

अब तो सरकारी नौकरी में फिर भी चीजें आसान हो गई, वरना हमारी नौकरी के शुरुआती दौर में बहुतेरे कामों में बहुतेरे अड़ंगे थे। उदाहरण के तौर पर विदेश भ्रमण के लिए अनुमति मिलना ही टेढ़ी खीर थी। मुझे याद है, नौकरी लगने दस सालों बाद भी जब मैंने केवल पासपोर्ट बनवाना चाहा तो एन.ओ.सी. के आवेदन पर ढेर सारी पूछताछ उद्भूत हो उठी। जैसे पासपोर्ट क्यों बनवाना चाहते हैं? कहाँ जाएँगे, वहाँ कोई संबंधी रहता है या यूँ ही जाना है? पैसे कहाँ से आयेंगे, कौन कौन जाएगा इत्यादि इत्यादि। मैंने सोचा इतने सारे प्रश्नों का कौन जवाब दे, तो पासपोर्ट बनवाने का ख़्याल ही छोड़ दिया।

कुछ दिनों बाद संयोग से संवर्ग के एक अनुभवी साथी ने कहा 'अरे तुम भी कहाँ भटक रहे हो, बस लिखकर दे दो कि मानसरोवर यात्रा करनी है, तुरंत बन जाएगा और वही हुआ। ये और बात है कि इस पासपोर्ट पर मैं कभी मानसरोवर नहीं गया। अलबत्ता ये तब काम आया जब एक शासकीय प्रयोजन से सिंगापुर जाने का मौका आया।

सन् 2007 में जब मैं परिवहन विभाग में उपायुक्त प्रशासन के पद पर था तो सिंगापुर कोऑपरेशन प्रोग्राम के तहत 'अर्बन ट्रांसपोर्ट प्लानिंग एंड डिजाइन' के एक कोर्स के संबंध में भारत सरकार से पत्र आया। यह कार्यक्रम नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के द्वारा होना था। कार्यक्रम का लगभग सारा खर्च सिंगापुर सरकार के द्वारा उठाया जाना था। मैंने अपने आयुक्त श्री एनके त्रिपाठी जी को जब इस बाबत बताया तो उन्होंने मेरा इस हद तक उत्साहवर्धन किया कि ट्रेनिंग में प्रतिभागिता के लिए भरने वाले फॉर्म को खुद अपने सामने मुझसे भरवाया।

विभाग से एंट्री भेज दी गई और संयोग से मेरा चयन इस प्रोग्राम के तहत सिंगापुर में होने वाले प्रशिक्षण के लिए हो गया। ट्रेनिंग में रुकने और खाने की व्यवस्था सहित दैनिक भत्ता तो वहीं से मिलना था। केवल आने-जाने की हवाई यात्रा का व्यय स्वयं वहन करना था जो उन दिनों ग्यारह हज़ार रुपये था। मैंने भारत सरकार द्वारा भेजे इस पत्र की प्रति शासन को भेजते हुए सिंगापुर जाने की अनुमति माँगी। पहली बार विदेश जाने का अवसर था सो मैं अनुमति मिलने की प्रक्रिया पर बारीकी से नज़र रखे हुआ था।

परिवहन विभाग ने आयुक्त की अनुशंसा पर सहमति देते हुए नस्ती सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दी और अंत में जी.ए.डी. ने भी नस्ती को वित्त विभाग भिजवा दिया। उन दिनों वित्त सचिव मेरे परिचित अफसर थे, जो भोपाल जाने के पहले शिवपुरी कलेक्टर हुआ करते थे। मैंने उन्हें अपनी अर्जी लगा दी। पर, दूसरे दिन पता चला कि नस्ती तो नकारात्मक टीप के साथ वित्त मंत्री को भेज दी गई। मुझे बड़ी हैरानी हुई, मैंने वित्त विभाग में पता किया तो सचिव महोदय बोले 'आनंद हम तो फाइनेंस से नेगेटिव ही लिखेंगे, लगे तो ऊपर से करा लो। मैंने माथा ठोक लिया, कुल जमा ग्यारह हज़ार का खर्च था।

एक बारगी तो लगा कह दूँ कि ये खर्च भी मैं उठा लूँगा, पर कहता किस से? निराश होकर मैं अपने आयुक्त त्रिपाठी जी के ऑफिस में पहुँचा और उन्हें ये स्थिति बताते हुए कहा 'सर अब तो मुश्किल लग रहा कि मैं जा पाऊँगा।' त्रिपाठी जी ग़ज़ब की पॉजिटिव शख़्सियत थे, मेरा लटका मुँह देखकर मुस्कुराए और बोले 'बैठो, मैं कुछ करता हूँ।' मेरे सामने ही उन्होंने तत्कालीन वित्त मंत्री राघव जी को फोन लगाया और उन्हें मेरी पुरज़ोर सिफ़ारिश करते हुए निवेदन किया कि प्रदेश शासन को निश्चित ही इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने अधिकारी को भेजना चाहिए। इतनी ज़ोरदार सिफ़ारिश का असर होना ही था। शाम तक तो मेरे पास वित्त मंत्री जी के विशेष सहायक का फ़ोन ही आ गया कि आप के विदेश जाने की अनुमति का प्रस्ताव शासन ने मंजूर कर दिया है। दूसरे दिन सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र मुझे फ़ैक्स से मिल गया जिसमें मुझे सिंगापुर ट्रेनिंग में जाने के लिए अनुमत कर दिया गया था। इस तरह अगले सप्ताह मैं अपनी पहली विदेश यात्रा पर सिंगापुर के लिये रवाना हो गया।

# यह महाद्वीप एक दूसरे को काटने को दौड़ती हुई बिल्लियों का पिटारा है

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**



आज हम चंद्रधर शर्मा गुलेरी को याद कर रहे हैं, जो 7 जुलाई को जन्मे, कम जिए लेकिन इतना खुलकर जिए कि अमर हो गए। खास तौर से उन्होंने गुलाम भारत में हिन्दुस्तानी सोच पर वह कटाक्ष किए, जिनकी वजह से भारत को गुलामी ढोनी पड़ी थी। पूरे देश के सन्दर्भ में, यहाँ फैले अशिक्षा और अन्धविश्वास के माहौल में गुलेरी जी की बातें आज भी संगत और विचारणीय हैं। जबकि हाथरस जैसी घटनाएं आज भी चमत्कार के विकार में जिंदगियों को लील रही हैं। गुलेरी जी उस समय भारतवासियों की कमज़ोरियाँ का लगातार ज़िक्र करते रहे-विशेषकर सामाजिक राजनीतिक सन्दर्भों में। उन्होंने लिखा कि हमारे अध:पतन का एक कारण आपसी फूट है-''यह महाद्वीप एक दूसरे को काटने को दौड़ती हुई बिल्लियों का पिटारा है''। जाति-व्यवस्था भी हमारी बहुत बड़ी कमज़ोरी है। गुलेरी जी सबसे मन की संकीर्णता त्यागकर उस भव्य कर्मक्षेत्र में आने का आह्वान करते हैं जहाँ सामाजिक जाति भेद नहीं, मानसिक जाति भेद नहीं और जहाँ जाति भेद है तो कार्य व्यवस्था के हित में। छुआछूत को वे सनातन धर्म के विरुद्ध मानते हैं। अर्थहीन कर्मकाण्डों और ज्योतिष से जुड़े अन्धविश्वासों का वे जगह-जगह ज़ोरदार खण्डन करते हैं। केवल शास्त्रमूलक धर्म को वे बाह्यधर्म मानते हैं और धर्म को कर्मकाण्ड से न जोड़कर इतिहास और समाजशास्त्र से जोड़ते हैं। धर्म का अर्थ उनके लिए ''सार्वजनिक प्रीतिभाव है'' ''जो साम्प्रदायिक ईर्ष्या-द्वेष को बुरा मानता है''। उनके अनुसार उदारता सौहार्द और मानवतावाद ही धर्म के प्राणतत्त्व होते हैं और इस तथ्य की पहचान बेहद ज़रूरी है-''आजकल वह उदार धर्म चाहिए जो हिन्दू, सिक्ख, जैन, पारसी, मुसलमान, कृस्तान सबको एक भाव से चलावै और इनमें बिरादरी का भाव पैदा करे, किन्तु संकीर्ण धर्मशिक्षाज्आदि हमारी बीच की खाई को और भी चौड़ी बनाएँगे।''धर्म को गुलेरी जी बराबर कर्मकाण्ड नहीं बल्कि आचार-विचार, लोक-कल्याण और जन-सेवा से जोड़ते रहे। आज सनातन-सनातन की रट में गुलेरी जी को याद करना बेहद जरूरी जान पड़ता है।

कछुआ धरम रचना में गुलेरी जी लिखते हैं कि कछुआ धर्म से तात्पर्य मनुष्य के उस व्यवहार से है, जिसमें वह समस्या का सामना नहीं करना चाहता और कोई भी विपत्ति संकट या समस्या आने पर इस तरह की प्रतिक्रिया करता है, जैसे उसने समस्या का समाधान कर लिया है, लेकिन वास्तव में समस्या से बचकर भागना चाह रहा है। इसका कारण हमारे हम भारतीयों की कछुआ पालन संस्कृति थी, जिसमें वह केवल अपने बचाव का रास्ता ढूंढते थे और समस्या का मुकाबला नहीं करना चाहते थे। लेखक कहता है कि हमारी हिंदुस्तानी सभ्यता भी कछुआ धर्म की तरह है जो केवल समस्या से बचाव करना जानती है, उसका मुकाबला करना नहीं। चंद्रधर शर्मा गुलेरी (7 जुलाई 1883 ङ्क 11 सितंबर 1922) का जन्म जयपुर में हुआ था। उनके पिता हिमाचल प्रदेश के गुलेर गाँव से ताल्लुक रखते थे, इसलिए नाम के अंत में गुलेरी (उनके मूल स्थान के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में) है। एक बहुमुखी प्रतिभा के रूप में वर्णित, उन्हें 1915 में पहली बार प्रकाशित हुई उसने कहा था, के लेखक के रूप में जाना जाता है, जिसे हिंदी की पहली लघु कहानी माना जाता है। उन्हें जयपुर में जंतर मंतर वेधशाला को संरक्षित करने के उनके प्रयासों के लिए भी याद किया जाता है।

पंडित गुलेरी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में मेयो कॉलेज,अजमेर में संस्कृत विभाग के प्रमुख बने। 1922 में, उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास और धर्म में मणींद्र चंद्र नंदी चेयर पर नियुक्त किया गया। कहानी उसने कहा था को 1960 में इसी नाम से बड़े पर्दे पर लाया गया था। बिमल रॉय द्वारा निर्मित, सुनील दत्त और नंदा अभिनीत इस फ़िल्म का निर्देशन मोनी भट्टाचार्जी ने किया था। उनकी निम्नांकित रचनाएं हैं- निबंध कछुआ धर्म, पुरानी हिंदी, देवकुल, संगीत, आंख । कहानियां-सुखमय जीवन, उसने कहा था, बुद्ध का कांटा। कविताएं-एशिया की विजय दशमी, भारत की जय, वेनॉक बर्न, आहिताग्नि, झुकी कमान, स्वागत, ईश्वर से प्रार्थना। 12 सितम्बर 1922 को काशी में 39 वर्ष की अल्पायु में ही उनका निधन हो गया।

# दूध के दाम कहीं घटे तो कहीं बढ़े क्यों?

**राकेश दुबे**

यह गणित समझ से बाहर जा रहा है, दूधकी क़ीमतों के मामले ठीक नहीं है। देश के सबसे बड़े दूध ब्रांड अमूल, मदर डेयरी और नंदिनी ने दूध की खुदरा कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर चुके है इसके विपरीत दक्षिण भारत के बड़े ब्रांड आरोक्या, डोलडा और कुछ अन्य कंपनियों ने कीमतों में कमी की है । ऐसा क्यों है?

महाराष्ट्र के दूध किसानों को गाय के दूध के लिए 25 से 26 रुपये लीटर की कीमत मिल रही है. यह पिछले साल 38 रुपये प्रति लीटर तक थी. राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए राज्य सरकार ने 28 जून को पांच रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी घोषित की है. ऐसी नौबत क्यों आयी? बड़ा सवाल है क्योंकि किसानों से मिल रहे कम कीमत के फायदे को ये कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ बांट रही हैं> पूरा मामला पेचीदा है।

इसमें दो बातें सच हैं। एक, किसानों को दूध की कीमत कम मिल रही है और डेयरी कंपनियों की मुश्किलें भी बढ़ी हैं। दो, पूरे मसले की जड़ में है स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) की कीमतों में भारी गिरावट, जो मार्च 2023 की 350 रुपये प्रति किलो से घटकर अब 210 रुपये प्रति किलो पर आ गयी हैं। इसलिए इस संकट को एसएमपी के बिजनेस डायनामिक्स से समझने की जरूरत है. यह भी सच है कि अगर कोई हल नहीं निकला, तो किसानों और डेयरी उद्योग के लिए यह संकट आने वाले दिनों में बढ़ेगा। कंपनियों द्वारा कीमतों के पीछे भी एसएमपी के घाटे की भरपाई बड़ी वजह है।

अभी देश में करीब तीन लाख टन एसएमपी का स्टॉक है, जो सहकारी संस्थाओं अमूल, नंदिनी और निजी डेयरी कंपनियों के पास है। इसकी उत्पादन लागत करीब 300 से 350 रुपये प्रति किलो है। ऐसे में कंपनियों को मौजूदा कीमत पर इसे बेचने पर करीब 700 करोड़ रुपये का घाटा झेलना पड़ेगा। देश में सालाना करीब पांच लाख टन एसएमपी का उत्पादन होता है। एसएमपी की मुश्किल गाय के दूध की वजह से अधिक है और दूध उत्पादन में गाय के दूध की हिस्सेदारी बढ़ रही है।

भारत में एनिमल फैट की खपत लगातार बढ़ रही है. इसलिए इसका उत्पादन भी बढ़ा है। दूध से जब फैट का उत्पादन करते हैं, तो एसएमपी का भी उत्पादन होता है. सौ लीटर गाय के दूध से बने फैट और एसएमपी की बिक्री से 3,371 रुपये यानी 33.71 रुपये प्रति लीटर की कमाई डेयरी कंपनियों को रही है। एसएमपी और फैट उत्पादन के लिए प्रसंस्करण, पैकेजिंग और डेयरी के दूसरे खर्च करीब 3.5 रुपये लीटर बैठते हैं। दूध के कलेक्शन, कमीशन और ट्रांसपोर्ट पर भी करीब 3.5 रुपये लीटर का खर्च आता है। इस पूरी गणना के आधार पर बिना किसी मुनाफे या घाटे पर डेयरी कंपनियां किसानों को करीब 26.71 रुपये लीटर का भुगतान कर सकती हैं और महाराष्ट्र की निजी डेयरी कंपनियां किसानों को यही कीमत दे रही हैं।

फरवरी-मार्च 2023 में जब दूध की किल्लत थी, तो महाराष्ट्र की डेयरी कंपनियां येलो बटर से 430 से 435 रुपये किलो की कमाई कर रही थीं। उन्हें एसएमपी की कीमत 315 से 320 रुपये प्रति किलो मिल रही थी. इसी वजह से पिछले साल कंपनियां किसानों को 36 से 38 रुपये लीटर की दर से दूध का भुगतान कर रही थीं। एसएमपी की वैश्विक कीमत 2,766 डॉलर प्रति टन चल रही है और रुपये की मौजूदा विनिमय दर पर करीब 231 रुपये किलो बैठती है। घरेलू कीमत 210 रुपये प्रति किलो है। ऐसे में देश में जो एसएमपी स्टॉक है, उसके निर्यात की संभावना न के बराबर है।दूसरी ओर इसका उत्पादन लगातार बढ़ता ही जायेगा।

भैंस के दूध के मामले में यह समस्या कम है क्योंकि भैंस के दूध में सात फीसदी फैट और नौ फीसदी एसएनएफ होता है। इसलिए गाय के दूध से उतनी मात्रा में फैट का उत्पादन करने पर करीब दोगुना एसएमपी उत्पादन होता है। एसएमपी की खपत के विकल्प भी सीमित हैं, बिस्किट, कन्फेक्शनरी, आइसक्रीम और कुछ दूसरे उत्पादों में ही इसकी खपत होती है। उपभोक्ताओं में इसकी सीधी खपत बहुत अधिक नहीं है। भारत के बाहर एनिमल फैट की बहुत ज्यादा खपत नहीं है। ऐसे में वहां की डेयरी कंपनियों की स्थिति भारतीय कंपनियों से अलग है।

डेयरी उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को इसका हल खुद निकालना होगा। बेहतर होगा कि सरकार एसएमपी का बफर स्टॉक बनाये, या पड़ोसी देशों को सस्ते में या मुफ्त में निर्यात कर दे। कुछ कंपनियों ने तकनीक विकसित कर एसएमपी से प्रोटीन अलग कर उत्पाद बनाने शुरू किये हैं, लेकिन यह काम बड़े पैमाने पर सरकार को करना होगा। उस प्रोटीन को फोर्टिफिकेशन या दूसरे विकल्पों में उपयोग किया जा सकता है। फिर भी, सच यह है कि एसएमपी का संकट बढ़ता जायेगा और इसका खामियाजा दूध किसानों को कम कीमत के रूप में भुगतना पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# जिला पंजीयक कार्यालय प्रांगण में किया वृक्षारोपण



रायसेन। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत जिला पंजीयक कार्यालय प्रांगण में जिला पंजीयक रजनीश कुमार सोलंकी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर जिला पंजीयक रजनीश कुमार सोलंकी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इसे लगाने के बाद उसकी रक्षा भी जरूर करें। उन्होंने कहा कि इस समय पूरे भारत में बारिश हो रही है जो की पेड़ लगाने के लिए सबसे अच्छा समय है। अभियान के तहत वृक्षारोपण करने वालों में श्रीमती अर्चना वसुनिया वरिष्ठ पंजीयक औबेदुल्लागंज सुरेश इवने उप पंजीयक सिलवानी अनिल श्रीवास्तव अन्नू भैया देवेंद्र शर्मा अशोक सोनी सक्षम श्रीवास्तव विनोद निर्दोष कमलेश्वर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत हटा के सभागार में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम संपन्न



दमोह – जनपद पंचायत हटा के सभागार में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हटा विधायका श्रीमती उमा देवी खटीक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर चंद्रभान पटेल, रतिराम पटेल, कनई पटेल, श्री परिहार, एसडीएम हटा राकेश मरकाम, सीईओ जनपद हटा बी एस यादव, परियोजना आधिकारी हटा शिव राय सहित हटा ब्लॉक से अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ मनोज कुमार अहिरवार एवं कृषि विभाग से एस.ए.डी.ओ. हटा एम.पी. सरवैया ने कृषिको को तकनीकी जानकारी दी। राष्ट्रीय आजीवका मिशन से संदीप सिंह एवं महीला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन कर अपने विभाग से संबंधित जानाकरी भी दी गई।

# पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत संपूर्ण ब्लॉक में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया



औबेदुल्लागंज। शासन द्वारा चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर परिषद द्वारा उमरिया, जनपद पंचायत, पुलिस थाना प्रांगण ओबेदुल्लागज में पौधा रोपण किया गया। अभियान का शुभारंभ शासकीय अस्पताल में बीएमओ अमृत जीवने द्वारा आम का पौधा रोपित कर किया।वही नगर परिषद के तत्त्वाधान में सीएमओ सोनाली शर्मा की उपस्थिति में उमरिया पौधारोपण किया गया इस दौरान ब्लॉक औबेदुल्लागंज के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को लगभग 300 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य पूर्ण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए पौधों के रोपण के साथ इनका पोषण भी किया जाए। एक पौधा मां के नाम÷ अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रत्येक पौधों को रोपित के साथ पोषित भी करें। इस मौके पर ब्लॉक मेडिकल अधिकारी अम्रता जीवने ने कहा कि पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि वन दैवीय आपदाओं से हमारी रक्षा करते हैं। पौधों को लगाना ही नहीं बल्कि उनका पोषण उससे अधिक जरूरी है। इस मौके पर डॉक्टर अमृता जीवने ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत डॉक्टर राखी भाटिया समस्त स्टाफ एवं पत्रकारों ने फल, फूल छायादार और औषधि के पौधों को रोपित किया

# पति ने की कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या आरोपी गिरफ्तार

सीहोर। बुधनी के वार्ड क्रमांक 13 माना इलाके में शुक्रवार रात को पति ने अपनी ही पत्नी को कुल्हाड़ी से बार कर मौत के घाट उतार दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पति नशे का आदी था जो आए दिन पत्नी और उसकी बच्चियों के साथ लडका झगड़ता था शुक्रवार को जब पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया तो पत्नी से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई जिस पर पति राजेश कु मरे ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी रेखा कु मरे पर वार करना चालू कर दिया पत्नी रेखा तड़पती रही और बच्चे भी सीखते रहे लेकिन दरिंदे पति ने सारी हदें पार करते हुए घटनास्थल पर ही पत्नी की दर्दनाक मौत कर दी और उसे मौत के घाट उतार दिया सूचना पर मौके पर पहुंची बुधनी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है मृतका के भाई ने बताया कि आरोपी लगातार उसकी बहन के साथ मारपीट करता था और अब वह उसे सजा दिलाना चाहता है पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है द्य

### श्री अरबिंदो विवि में इंटेग्रेटिव मेडिसिन रिसर्च सेंटर का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

# समेकित प्रयास से मप्र स्वास्थ्य क्षेत्र में शीघ्र अग्रणी बनेगा: उप-मुख्यमंत्री शुक्ल







भोपाल। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि इंटेग्रेटिव मेडिसिन (एकीकृत चिकित्सा) के बारे में सरकार बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें बेहतर होंगी। हमने ग्रामीण क्षेत्रों में तेज़ी से अधोसंरचना विकास किया है। पर्याप्त मैनपॉवर उपलब्धता के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में इंटेग्रेटिव मेडिसिन रिसर्स सेंटर जैसे केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री अरबिंदो अस्पताल की यह पहल विश्वास जगाती है कि ऐसे प्रयासों से जल्द ही मध्य प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में शीघ्र अग्रणी प्रदेश बनेगा। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय इंदौर में ÷इंटेग्रेटिव मेडिसिन रिसर्च सेंटर÷ का उद्घाटन किया। साथ ही श्री अरबिंदो विवि के अंतर्गत इंटेग्रेटिव मेडिसिन कोर्स की शुरुआत भी की। उप-मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले की नगर निगम और परिषदों में कार्यरत महिलाकर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैंपस में 1100 औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, श्री राजेश मिश्रा, श्री अरबिंदो विवि की कुलाधिपति डॉ. मंजूश्री भंडारी, प्रति-कुलाधिपति-द्वय डॉ. मोहित भंडारी, डॉ. महक भंडारी, कुलपति डॉ. ज्योति बिंदल उपस्थित थे।

# 60 हजार की टेंट कैपेसिटी, 80 हजार लोगों की परमिशन और 2.5 लाख की भीड़ज हाथरस हादसे पर नया खुलासा

हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के लिए टेंट लगाने वाले राज कपूर ने बदइंतजामी को लेकर बड़ा खुलासा किया है. टेंट लगाने वाले राज कपूर ने आजतक से बातचीत में बाबा की कमेटी की मनमानी के कई राज खोले हैं. टेंट मालिक ने कहा कि सत्संग आयोजित करने वाली कमेटी ने 80, 000 लोगों की परमिशन ली थी, लेकिन सत्संग में टेंट सिर्फ 60,000 लोगों की क्षमता का लगवाया था. जितने लोगों के लिए प्रशासन से परमिशन ली, उससे कम क्षमता का टेंट लगवाने के बाद ढाई लाख की भीड़ जुटा ली थी.

टेंट मालिक राज कपूर का कहना है कि 300 फीट लंबा और 300 फीट चौड़ा टेंट लगाया था. इसका ठेका 4 लाख 70,000 रुपये में दिया गया था. अभी तक 1 लाख 70,000 रुपये का क्ष्4द्वद्गठ्ठ नहीं हुआ है.

टेंट मालिक राज कपूर का कहना है कि मौके पर सिर्फ 20 से 25 पुलिस वाले मौजूद थे, जो सड़क पर ट्रैफिक देख रहे थे. सत्संग के दौरान कोई भी आयोजन पंडाल में मोबाइल नहीं ले जा सकता था,





इस पर पाबंदी रहती थी. वीडियो बनाने पर भी पूरी तरह से पाबंदी रहती थी. अगर कोई वीडियो बनाता था, तो सेवादार सख्ती से मना करते थे.

टेंट मालिक ने बताया कि बीते नवंबर से अब तक बदायूं, मैनपुरी, भोगांव, धौलपुर, ग्वालियर, मैनपुरी बिछ्वा के बाद हाथरस के मुगलगढी में सत्संग होना था. बाबा के हर सत्संग में क्षमता से अधिक भीड़ पहुंचती थी. हर जिले के लिए बाबा ने अलग कमेटी बना रखी है. हर आयोजन का पेमेंट कमेटी ही करती है.

# नवांकुर संस्था ने किया गजनई नर्मदा तट क्षेत्र में पौधरोपण




सोहागपुर । नवांकुर संस्था के तत्वावधान में समीपवर्ती ग्राम गजनई की नर्मदा नदी तट क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। पौधारोपण अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र रावत,जनपद सीईओ श्री अग्रवाल आदि के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तटीय इलाकों के समीपस्थ शांति धाम घाट पर करीबन 50 पौधों का रोपड़ किया गया। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक किशोर कड़ोले एवं नवांकुर संस्था प्रमुख गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों ,छात्रों एवं सचिन विश्वकर्मा मेंटर के सहयोग से गढ्ढे करके प्रति दिन पौधा रोपण कर वायुदूत एप्प पर वृक्षारोपण अपलोड किया जाता हैं। क्षेत्र में करीबन पांच सौ पौधे इस इलाके में लगाए जाएंगे। इस पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर रामकुमार विश्वकर्मा, एल एस पी, हाकमसिंह, पौध रक्षक सचिव कौशल्या मेरे, छात्रा सीमा गढवाल आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बड़ामलहरा में बनाए गए सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निरीक्षण किया

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बड़ामलहरा नगरपरिषद ग्राउंड में बनाए गए सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राउंड में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो लोग यहां कचरा फैंके उन पर जुर्माना लगाया जाए। कलेक्टर ने ट्रेक के चारों ओर चेन फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीम प्रशांत अग्रवाल, नगर परिषद सीएमओ, पीडब्ल्यूडी ईई आर.एस. शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा ग्राउंड में बांकी अधूरे कार्य को जल्द पूरा करें। ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे एवं खेल प्रतिभाओं के लिए जल्द जल्द से ग्राउंड को खोला जाए। उल्लेखनीय है की जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं खेलों के प्रति युवाओं में रुझान बढ़ाने के लिए सिंथेटिक रनिंग ट्रैक सहित ग्राउंड में अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# हर मोड़ बरगद का पेड़ अभियान में कलेक्टर ने तिलई तिगैला पर बरगद का पौधा रोपा

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में हर मोड़ बरगद का पेड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तिराहों पर बरगद के पौधों का रोपण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जी.आर. ने तिलई तिगैला पर बरगद का पौधा रोपा। साथ ही सभी से अभियान में हर एक मोड़ पर बरगद का पौधा रोपने के निर्देश दिए। साथ ही जिलेवासियों से एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की।

कलेक्टर ने बक्सवाहा के ग्राम पड़रिया के गोकुल धाम में फ्रूट फॉरेस्ट का निरीक्षण किया। इसी क्रम में गौशाला का भी निरीक्षण कर मवेशियों को गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में ब्लॉक स्तर पर फ्रूट फॉरेस्ट लगाने की अच्छी पहल की जा रही है। फ्रूट फॉरेस्ट में बड़े साइज के पौधे रोपने के निर्देश दिए।

### नगर पालिका छतरपुर की अनूठी पहल

# नगरपालिका छतरपुर द्वारा महिलाओं को होम कंपोस्टिंग कर खाद बनाने की विधि बताई




छतरपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिका छतरपुर सीएमओ सुश्री माधुरी शर्मा के निर्देशन में घर से निकलने वाले गीले कचरे, फलों के छिलके, खराब सब्जी से होम कंपोस्टिंग खाद बनाए जाने का प्रशिक्षण शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 32 एवं 02 के स्व सहायता समूह की महिलाओं के लोगों को दिया।

स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया ने बताया स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत वार्ड स्तर पर होम कंपोस्टिंग खाद बनाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि घरों में डिब्बा और मटकों में छेद कर उसमें मिट्टी और पानी डालकर फलों और सब्जियों के अपशिष्ट को डालकर तैयार किए जाने वाली खाद को 10-15 दिन में तैयार खाद को गमलों या पौधों में उपयोग कर सकते है। मटका विधि से कंपोस्ट बनाने की विधि समझाई। इस दौरान सिटी मिशन मैनेजर, चंद्रप्रकाश गुप्ता, देव पचौरी, डेएएनयूएलएम आरती, वंदना, रीना सहित वार्ड एवम स्वसहायता समूह त्रिवेणी से त्रिवेणी शर्मा, सोनम से श्रीमती विद्या बरार, लाड़ली सीता प्रजापति वेदमाता से श्रीमती किरण कुलपहाड़ी महिलाएं उपस्थित रही।

# वन परिक्षेत्रों में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में जिले में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ थीम पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में डी.एफ.ओ. एम.एस. उइके के सफल मार्गदर्शन में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ पौधरोपण श्रृखला के अंतर्गत विभन्न वनपरिक्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। वन मण्डल अधिकारी श्री उइके ने वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत बीट हथनी में आर.एफ.109 में अपनी माँ के नाम पौधा रोपण किया, इसी श्रृखला में वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

**वन परिक्षेत्र तेन्दूखेडा:** उप वन मण्डल अधिकारी तेन्दूखेड़ा प्रतीक दुबे एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी तेन्दूखेड़ा के मार्गदर्शन में खकरिया बीट आर.एफ. 172 में वन कर्मचारियों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया। इसी श्रृखला में वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा अंतर्गत अन्य वनक्षेत्रो में भी वृक्ष लगाकर पौधरोपण किया गया।

**वन परिक्षेत्र तारादेही** उप वन मण्डल अधिकारी तेन्दूखेड़ा प्रतीक दुबे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी तारादेही देवेन्द्र गुर्जर के द्वारा जामुन बीट आर.एफ. 223 में वन कर्मचारियों एवं ग्रमीणों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्य सम्पन्न किया गया।वीरांगना दुर्गवति टाईगर रिर्जव सिंगौरगढ़ अंतर्गत बीट दानीताल में हुआ वृक्षरोपण कार्य सिंगौरगढ अंतर्गत बीट दानीताल में कार्यवाहक वनक्षेत्राल श्री कुरैशी एवं वनपाल लईक शहजाद तथा अन्य वन कर्मियों के द्वारा ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अंतर्गत पौधरोपण कार्य किया गया है।

# लेटस मूव इंडिया कैंपेन मतलब शरीरिक दक्षता के साथ खेल मे जागरूकता

शहडोल 7 लेटस मूव इंडिया मतलब शारीरिक दक्षता के साथ राष्ट्र को प्रेरित करना और मूवमेंट समावेशन और खेल की खुशी को बढ़ावा देना है, इस मूवमेंट के माध्यम से हमारा मकसद हर भारतीयों को फिट रहने एवं खेल की तरफ प्रेरित करने का है यह सभी बातें रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के साईट हेड राजेश वर्मा ने रिलायंस सी एस आर प्रोजेक्ट के माध्यम से कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर मे आयोजित कार्यक्रम लेटस मूव इंडिया कैंपन के माध्यम से कही, कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया लेटस मूव पहल आईओसी का एक वैश्विक अभियान है,जिसे 23 जून 2023 को लांच किया गया था, यह दुनिया भर के लोगों को उनके दैनिक जीवन में अधिक शारीरिक गतिविधियों कुछ शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ साझेदारी में विकसित और ओलंपियनों द्वारा नेतृत्व किया गया यह अभियान नियमित गतिविधि के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है 7 कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गयी जहां लगभग 350 बच्चों की उपस्थिति में रिलायंस की ओर से आये ट्रेनरो के साथ बच्चो ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया

### ओलम्पिक के लिये तैयार भारतीय

रिलायंस सीबीएम सीएसआर प्रोजेक्ट के टेक्निकल हेड फणीधार अदला ने कहा भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा के अनुरूप, रिलायंस फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ मिलकर बच्चों में सम्मान, मित्रता और उत्कृष्टता के ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से लेट%एस मूव इंडिया कैंपेन शुरू किया है, इस पहल का उद्देश्य खेल और ओलंपिज्म की सकारात्मक प्रभाव का उपयोग करके एक स्वस्थ और अधिक सक्रिय समाज का निर्माण करना है

### लेटस मूव पहल मतलब :-

कार्यक्रम के दौरान सीबीएम सीएसआर हेड राजेश श्रीवास्तव ने कहा लेटस मूव इंडिया कैंपेन का मतलब शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देना, युवाओं को सक्रिय करना के साथ एकता को बढ़ावा देना है यानी की हर दिन काम से कम 30 मिनट किसी भी गतिविधि को प्रोत्साहित करने के साथ युवाओं और बच्चों को हर समय कहीं भी सक्रिय रहने की दैनिक आदत बनाने के लिए प्रेरित करना लोगों को लिंग आयु व स्थान की परवाह किए बिना एक सामान्य उद्देश्य के लिए एक मंच प्रदान करना है कार्यक्रम के आखिर में कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर के प्राचार्य सीताराम मिश्रा ने रिलायंस फाउंडेशन की इस पहल का स्वागत करते हुए एवं इस कार्यक्रम के आयोजन का अपने विद्यालय में स्वागत किया उन्होंने न केवल रिलायंस फाउंडेशन की इस पहल का धन्यवाद ज्ञापित किया अभी तू रिलायंस के फुटबॉल कोच ने बालिकाओं एवं अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ओलंपिक के मूल्यों को साझा करने की इस पहला को भी बखूबी निभाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया वही कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन देने के लिए चेतनावती सिंह, बेलावती सिंह, सुधा सिंह, प्रतिभा सिंह, कशिश पनिका, अनामिका सिंह, विजयंती सिंह, चांदनी सिंह, शैलजा सिंह, रश्मि देवी, पिंकी सिंह, चांदनी सिंह एवं उनका ग्रुप, योगिता सिंह एवं उनका ग्रुप, इस्मतिया सिंह एवं उनका ग्रुप को मैडल पहना कर सम्मानित भी किया गया



### जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ, निकलेगी रथ यात्रा

# भागवत भूषण अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा भी होंगे शामिल

सीहोर। परंपरानुसार इस वर्ष भी आषाढ सुदी दूज को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर जिसकी पहचान टाट वाले बाबा के नाम से हैं से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा तथा भ्राता बलदाऊ रथ यात्रा के माध्यम से शहर भ्रमण पर निकलेंगे रथ यात्रा को लेकर बीते एक सप्ताह से जगदीश मंदिर से यात्रा को भव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही थी । रथ यात्रा के मौके पर मंदिर का रंग-रोगन कर उसे आकर्षक ढंग से सजाया सवारा गया हैं। मंदिर पर की गई विद्युत सजावट आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं।

**रथ यात्रा का महत्व:** त्रेता युग में रामेश्वरम, द्वापर में द्वारिका तथा कलियुग मेंजगन्नाथ पुरी का अपना महत्व है इसीलिए साल मे एकबार भगवान जगन्नाथ बीमारी के उपचार के बाद स्वस्थ होने पर आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर अपनी बहन और भाई के साथ स्वास्थय लाभ के लिए भ्रमण पर निकलते है तथा कुछ दिन विश्राम के बाद पुन~अपने धाम पर पहुंचते है मान्यता है कि रथ यात्रा महोत्सव में प्रतिवर्ष जगन्नाथपुरी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा तथा भ्राता बलदाऊ के रथ को खींचकर अपने आप को धन्य समझते हैं। देश के अधिकांश शहरों सहित शहर में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्साह, उमंग और आस्था के साथ निकाली जाती हैं। उसी परंपरा के निर्वहन स्वरूप परमार समाज द्वारा रविवार का रथ यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों के साथ ही शहरवासी तथा अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा भी भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचकर रथ यात्रा के प्रतिभागी बनेंगे।रथ यात्रा के दिन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। रथ यात्रा शुभारंभ के पूर्व मंदिर में विशेष पूजन अभियान का सिलसिला शुरू हो जाएगा। भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा तथा भ्राता बलदाऊ की प्रतिमाओं का अभिषेक पूजन कर उनका आकर्षक श्रृंगार कर दर्शन के लिए मंदिर के पट खोले जाएंगे।

### सोशल मीडिया से




## 23 राज्यों ने 10 साल में स्टांप शुल्क से कमाए 13 लाख करोड़

# मकानों की बिक्री में आया भारी उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। अर्थव्यवस्था में तेजी और कोरोना के बाद बढ़ती मांग से मकानों की बिक्री में भारी उछाल आया है। इससे पिछले 10 वर्षों में 23 राज्यों ने संपत्तियों के पंजीकरण के एवज में 13.7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की स्टांप ड्यूटी वसूली है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015 से 2019 के बीच 23 राज्यों में स्टांप शुल्क की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 10.4 फीसदी रही है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2019 से 2024 के बीच यह दर 12.5 फीसदी रही है। इससे संकेत मिलता है कि कोरोना के बाद मकानों की बिक्री में अच्छा उछाल आया है। 23 राज्यों में से 16 राज्यों में स्टांप ड्यूटी बढ़ी है।

10 वर्षों में स्टांप शुल्क दर में काफी बदलाव आया है। कोरोना के समय कुछ राज्यों ने शुल्क को शून्य कर दिया था। हालांकि, अब यह कोरोना के पहले के स्तर पर वापस आ गया है। लोगों की आय स्तर में वृद्धि और खुद का घर होने की चाहत से मकानों की बिक्री में तेजी आई है। इससे स्टांप शुल्क की वसूली भी बढ़ी है। 5 वर्षों में तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओडीशा और मेघालय में स्टांप शुल्क में कमी आई है।भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मजबूत गति से बढ़ने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र से बुनियादी ढांचे को पर्याप्त बढ़ावा देकर इसे और तेज किया जा सकता है। वर्ष 2030 तक रियल एस्टेट क्षेत्र के 83 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

रियल एस्टेट उद्योग 2047 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 15 फीसदी से अधिक योगदान कर सकता है। अभी यह सात फीसदी है। महंगी संपत्ति की बिक्री में भी लगातार वृद्धि हुई है, जो बढ़ती आय और दबी हुई मांग का संकेत है।विदेशी निवेशकों ने जनवरी से जून के दौरान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया है। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश का करीब 65 फीसदी हिस्सा है। पिछले 10 वर्षों में कई राज्यों ने स्टांप शुल्क बढ़ाया है तो कई ने घटाया है। उत्तर प्रदेश ने सबसे ज्यादा 5.5 फीसदी घटाया है। इस राज्य में पहले स्टांप शुल्क



12.5 फीसदी था जो अब सात फीसदी है। मध्य प्रदेश ने 8 फीसदी से घटाकर 7.5 फीसदी किया है। हरियाणा ने बढ़ाकर 5 से 7 फीसदी कर दिया है जो पहले 3 से 7 फीसदी था। छत्तीसगढ़ ने 8 से घटाकर पांच फीसदी किया है।

## सैमसंग इंडिया ने सॉल्व फॉर टुमॉरो की 100 टीमों की पहली सूची जारी की


नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी एक बड़ी सीएसआर पहल - सॉल्व फॉर टुमॉरो के लिए 100 टीमों को शॉर्टलिस्ट करने की घोषणा की है। यह पहल देशभर में नए-नए आविष्कार करने के सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस शॉर्टलिस्ट में स्कूल और यूथ ट्रैक से 50-50 टीमें शामिल हैं जो अब राष्ट्रीय शिक्षा और नवाचार प्रतियोगिता में आगे प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस वर्षशॉर्टलिस्टिंगक्षेत्रीय स्तर पर की गई है। इससे इस प्रतियोगिता को देश के सुदूर इलाकों जैसे कि ओडिशा कचर में खुर्दा और असम में कामरूप ग्रामीण और गुजरात में अमरेली में रहने वाले भारतीय इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी तक पहुंचने में मदद मिल सके। यूथ ट्रैक में 'पर्यावरण और स्थिरता' विषय को कवर करने वाले टॉप 50 आइडियाज़ न केवल गैर- परंपरागत हैं, बल्कि इन्हें भविष्य को ध्यान रखकर लाया गया है। वनों की कटाई, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, समुद्री प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन, अनसस्टेनेबल पैकेजिंग और खराब जल प्रबंधन जैसे मुद्दे युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में सामने आए हैं। दूसरी ओर, 'स्कूल' ट्रैक ने 'समुदाय और समावेशन 'थीम के तहत अपने विचार पेश किए हैं।

## होरिबा ने भारत के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाइयों में से एक विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया



नागपुर, एजेंसी। हमारे जीवन के लिए आवश्यक ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड (ञ्ज्ञ्स्श्व 6856) समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने नागपुर के बुटीबोरी में आज अपनी अत्याधुनिक मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। यह इकाई आत्मनिर्भर भारत और विश्व के लिए मेड इन इंडिया के विज़न के अनुरूप है और यह भारत के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स (रीजेंट्स) विनिर्माण इकाइयों में से एक होगी। चरणबद्ध तरीके से करीब 200 करोड़ रुपये (3.8 अरब जापानी येन) के निवेश से नागपुर की यह इकाई पूरे भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब्स और अस्पतालों को सेवाएं देगी और यह भारत में होरिबा का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण निवेश है जिससे टियर-2 शहरों में रोजगार के अवसरों का सृजन करने की इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। होरिबा लिमिटेड का वैश्विक कारोबार 2.3 अरब डॉलर है। सेलेब्रेटिंग हॉनमैमन थीम पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस, होरिबा लिमिटेड के चेयरमैन एवं ग्रुप सीईओ अत्सुशी होरिबा, होरिबा लिमिटेड, जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और होरिबा इंडिया के चेयरमैन डाक्टर जय हकु और होरिबा लिमिटेड, जापान के कॉरपोरेट ऑफिसर और होरिबा इंडिया के अध्यक्ष डाक्टर राजीव गौतम उपस्थित थे।

## एथर एनर्जी ने अपने पहले फैमिली स्कूटर, रिज़्टा की डिलीवरी शुरू की



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी ने अपने फैमिली स्कूटर, रिज़्टा की डिलीवरी शुरू कर दी है। एथर एनर्जी के को-फाउंडर तरुण मेहता ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट पोस्ट करते हुए बताया, इंतजार खत्म हुआ! हमारा पहला फैमिली स्कूटर, रिज़्टा आपके पास पहुंचने वाला है। इसकी डिलीवरी पुणे, नागपुर, नासिक, बारामती, अमरावती, अहमदनगर, अहमदाबाद, दिल्ली, लखनऊ, आगरा, जयपुर और आंध्र प्रदेश में शुरू हो गई है। जल्द ही बाकी सभी शहरों में भी इसकी डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। रिज़्टा को परिवारों के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है, जिसमें आराम, सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। एथर रिज़्टा की सीट बाजार में उपलब्ध सबसे बड़ी और सबसे आरामदायक सीटों में से एक है। इसमें 56 लीटर का विशाल स्टोरेज मिलता है, जिसमें 34 लीटर का अंडरसीट स्टोरेज और 22 लीटर की वैकल्पिक फ्रंक एक्सेसरी है। राइडिंग और भी बेहतर बनाने के लिए इसमें कई नए कनेक्टेड फीचर्स दिए गए है, जिसमें डैशबोर्ड पर स्किडकंट्रोलइ और व्हाट्सएप जैसे फीचर्स शामिल हैं। बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्यों में उपलब्ध रिज़्टा का शुरुआती मूल्य 1,09,999 रुपए (एक्स-शोरूम बेंगलुरु) है। भोपाल, इंदौर, अहमदाबाद, पुणे, दिल्ली, लखनऊ, आगरा, जयपुर, नागपुर और आंध्र प्रदेश में डिलीवरी शुरू हो चुकी है। एथर एनर्जी जल्द से जल्द रिज़्टा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 80 के शेयर को खरीदने की लूट

### *लगातार लग रहा अपर सर्किट, टाटा और इसरो कंपनी के हैं क्लाइंट*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की रिकॉर्ड बढ़त के बीच केबल-वायर बनाने वाली दिग्गज कंपनी पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर भी गुलजार हैं। बीते कुछ दिनों से इस शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और भाव 83 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि इस शेयर ने जनवरी 2024 में 52 हफ्ते के हाई को टच किया था। 23 जनवरी को शेयर की कीमत 116.70 रुपये तक गई थी। जुलाई 2023 में शेयर 34.15 रुपये के निचले स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। बीएसई एनालिटिक्स के अनुसार, पैरामाउंट केबल्स के शेयरों ने पिछले 10 वर्षों में अपने निवेशकों को 2,300 प्रतिशत से अधिक अमीर रिटर्न दिया है।



### शेयरहोल्डिंग पैटर्न

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 49.31 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 50.69 प्रतिशत स्टेक है। कंपनी के प्रमोटर्स में पैरामाउंट टेलीकेबल्स लिमिटेड और हर्ट इलेक्ट्रिकल (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन दोनों के पास क्रमशः 12.77 और 11.11 फीसदी की हिस्सेदारी है।

### कंपनी के बारे में

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड तारों और केबलों के मैन्युफैक्चरिंग में लगी है। इसमें बिजली केबल, दूरसंचार केबल, रेलवे केबल और अन्य तरह के केबल शामिल हैं। कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज खुशखेड़ा, राजस्थान और धारूहेड़ा, हरियाणा में स्थित हैं।

### टाटा से इसरो तक हैं क्लाइंट

कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक क्लाइंट में कई सरकारी कंपनी या संस्था इसके क्लाइंट हैं। इसमें इसरो, रेलवे, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, भेल, एचपी जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं, टाटा और रिलायंस भी कंपनी के क्लाइंट की सूची में शामिल हैं।

### बीएसई मार्केट कैपिटल रिकॉर्ड हाई पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैपिटल शुक्रवार को 449.88 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैपिटल शुक्रवार को 4,49,88,985.87 करोड़ रुपये (5.39 लाख करोड़ डॉलर) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## छह महीने में पैसा डबल

### अब मुकुल अग्रवाल ने खरीदें लाखों शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज निवेशक मुकुल महावीर अग्रवाल ने एक बड़ा निवेश किया है। उन्होंने एएसएम टेक्नोलॉजीज में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदा है। कंपनी के जून तिमाही के शेयर होल्डिंग में ये बात सामने आई है। इससे पहले उनकी कंपनी में कोई भी हिस्सेदारी नहीं थी। शुक्रवार को मुकुल अग्रवाल के निवेश वाली कंपनी के शेयर एनएसई में 1.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 1200 रुपये के पार बंद हुआ। बता दें, एक साल में इस कंपनी का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। कंपनी की लेटेस्ट शेयर होल्डिंग के अनुसार प्रमोटर्स के पास 47.36 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 42.46 प्रतिशत हिस्सा पब्लिक के पास है। लेकिन पब्लिक के पास मौजूद हिस्से में म्युचुअल फंड्स और विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी जीरो है। बता दें, एएसएम टेक्नोलॉजीज एक स्मॉल कैप कंपनी है। इसका मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से कम का है।



मुकुल अग्रवाल शेयर बाजार के उन चुनिंदा निवेशकों में से एक हैं, जिनके पोर्टफोलियो पर सबकी निगाह टिकी रहती है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार मुकुल अग्रवाल ने कुल 51 कंपनियों में निवेश किया है। उनकी नेट वर्थ 2658 करोड़ रुपये का है। इस बार उन्होंने जिस कंपनी पर दांव खेला है उसका प्रदर्शन बीते 6 महीने के दौरान काफी शानदार रहा है। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 156 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### क्या करती है कंपनी?

कंपनी भारत के साथ विदेशो में भी कार्यरत है। यह इंजीनियरिंग सर्विसेज लोगों को प्रदान करती है। कंपनी ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स, डिजिटल इंजीनियरिंग, ड्राइवर एसिस्टेंस सिस्टम्स, रोबोटिक, प्रोडक्ट लाइफ साइकल आदि सुविधाएं प्रदान करती है।

## 1 शेयर पर ?100 का डिविडेंड दे रही है कंपनी, निवेशकों को मिलेगा 1 पर 4 शेयर फ्री

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में कल यानी शुक्रवार को केसी इंडस्ट्रीज के शेयर एक्स-बोनस और एक्स-स्प्लिट साथ ट्रेड किए थे। इस पेनी स्टॉक के शेयरों में कल यानी 5 जुलाई को 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि 100 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 10 रुपये प्रति शेयर हो गई। वहीं, कंपनी हर एक शेयर पर 4 बोनस शेयर भी देगी। बोनस शेयर और शेयरों के बंटवारे के लिए रिकॉर्ड डेट 5 जुलाई तय की गई थी। अब जिन निवेशकों को नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें इसका लाभ होगा।

कंपनी ने निवेशकों को डिविडेंड का भी ऐलान किया है। 28 मई को कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया था कि हर 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए एक शेयर पर 60 रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी हर एक शेयर पर 40 रुपये का स्पेशल डिविडेंड भी दे रही है। यानी योग्य निवेशकों को हर एक शेयर पर 100 रुपये का फायदा होगा। बता दें, केसी इंडस्ट्रीज ने इस डिविडेंड के लिए 9 अगस्त की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।



शेयर बाजारों में भी कंपनी का प्रदर्शन शानदार- शुक्रवार को 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगने के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 1365.50 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 470 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 217 प्रतिशत का लाभ मिला है।

## सोनालीका ने जून24 में घरेलू उद्योग से बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया

नई दिल्ली एजेंसी। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने ताकतवर एवं ईंधन कुशल ट्रैक्टरों के साथ भारत में गुणवत्ता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्यू1 वित्त वर्ष 25 में एक नई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करके उत्साहित है। कंपनी ने पहली तिमाही की अपनी सर्वाधिक कुल 41,465 ट्रैक्टर बिक्री और सर्वाधिक कुल बाज़ार हिस्सेदारी 14.4 प्रतिशत (अनुमानित) दर्ज करने के साथ-साथ उद्योग के प्रदर्शन की तुलना में लगभग 2 गुना वृद्धि दर्ज की है।

अपने गुणवत्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, कंपनी ने जून के दौरान घरेलू बाज़ार में 14,062 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। इसमें 16.6 प्रतिशत की बिक्री में वृद्धि और 1.4 प्रतिशत अंक की बाज़ार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी शामिल है, जो सभी ट्रैक्टर ब्रांडों में सबसे अधिक है। कंपनी ने जून23 में घरेलू बाज़ार में 12,056 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की थी। जैसे-जैसे कृषि-तकनीकी समाधान अधिक से अधिक किसानों पर केंद्रित होते जा रहे हैं, प्राइड ऑफ़ इंडिया सोनालीका ने किसानों को उच्च कृषि उत्पादन हेतु अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों में बेहतर ताकतवर इंजन और बेहतरीन मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन दे कर किसानों के लिए मन की शान्ति सुनिश्चित की है।

## इस साल गर्मी के मौसम के सबसे गर्म सप्ताह में एसी नियंत्रण के लिए वॉयस कमांड में 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई: अमेज़न

**बेंगलुरु एजेंसी।** इस साल गर्मी के मौसम में जब पूरे देश में तापमान रिकॉर्ड तोड़ ऊंचाई पर पहुंच गया, तो भारत में लोगों ने अपने एयर कंडीशनर (एसी) और एलेक्सा की मदद ली। मई के आखिरी सप्ताह में, देश में मार्च 2024 की तुलना में अब तक का सबसे गर्म तापमान दर्ज होने के बीच अमेज़न ने एसी को नियंत्रित करने के लिए एलेक्सा से अनुरोध में 75 प्रतिशत की दर्ज की। ग्राहक लगातार एलेक्सा से एसी चालू करने के लिए कह रहे थे, लेकिन उन्हें बंद करने के अनुरोधों में धीमी वृद्धि यह दर्शाती है कि एलेक्सा के साथ कम्पेटिबल एसी लंबे समय तक चलने में कारगर थे। इसके अलावा, एसी नियंत्रणों के लिए एलेक्सा से ग्राहकों के अनुरोधों में साल-दर-साल 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जैसे, एलेक्सा, एसी चालू/बंद करो, और एलेक्सा -कम्पेटिबल स्मार्ट पंखों को नियंत्रित करने में साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जैसे, एलेक्सा, पंखा चालू/बंद करो। भारत में एलेक्सा के ग्राहक भी घर में तापमान को स्वचालित करने के लिए एलेक्सा रूटीन को तेज़ी से अपना रहे हैं। रूटीन एक उपयोगी फीचर है जो ग्राहकों को हर काम को अलग-अलग किए बिना अपनी सुविधा के अनुसार स्मार्ट होम वाले काम सहित एलेक्सा एक्शन को प्रोग्राम और अपनी ज़रूरत के मुताबिक ढालने में मदद

### अगले हफ्ते बाधित रहेंगीं एचडीएफसी की सेवाएं

## बैंक ने बताया यह कारण, ग्राहक बरतें ये सावधानी

नई दिल्ली, एजेंसी। एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को अपने आगामी सिस्टम अपग्रेड के बारे में सूचित किया है। बैंक ने बताया है कि उसकी कुछ सेवाएं इस दौरान डाउनटाइम से प्रभावित रहेंगी। बैंक के अनुसार यह तकनीकी अपग्रेड बैंक के सर्वर की गति को बढ़ाकर खुद को अधिक ट्रैफिक के लिए सक्षम बनाना है। इससे ग्राहकों के लिए बैंकिंग अनुभव बेहतर बनेगा

### डाउनटाइम कब होगा?

एचडीएफसी बैंक का निर्धारित डाउनटाइम शनिवार, 13 जुलाई, 2024 को होगा। अपग्रेड उसी दिन सुबह 3:00 बजे शुरू होगा और शाम 4:30 बजे समाप्त होगा। बैंक ने असुविधा को कम करने के लिए दूसरे शनिवार को बैंक अवकाश का दिन चुना है। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे अपनी बैंकिंग गतिविधियों की योजना पहले से बना लें।

### नकद निकासी

आप अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड (प्रतिबंधित सीमा तक) या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किसी भी एटीएम से नकदी निकाल सकते हैं।

### खरीदारी और भुगतान

डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई - आप स्वाइप मशीनों पर अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड




(प्रतिबंधित सीमा तक) या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। आप अपने एचडीएफसी बैंक डेबिट कार्ड (प्रतिबंधित सीमा तक) और क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन खरीदारी कर सकते हैं, जिसमें पेज़ैप भी शामिल है।

यूपीअई सेवाः शनिवार, 13 जुलाई, 2024 को सुबह 3:00 बजे से 3:45 बजे तक और सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे के बीच के समय को छोड़कर उपलब्ध रहेगी।

कार्ड प्रबंधनः आप अपने कार्ड को हॉटलिस्ट कर सकते हैं, अपना पिन रीसेट कर सकते हैं और कार्ड से संबंधित अन्य गतिविधियां कर सकते हैं।

व्यापारी भुगतानः व्यापारी कार्ड के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अपग्रेड के बाद खाता अपडेट उपलब्ध होंगे।

## हम बीज से लेकर कटाई तक किसानों का साथ देना चाहते हैं: गोदरेज एग्रोवेट

मुंबई, एजेंसी। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के बीज व्यवसाय ने हाल ही में अपने चैनल भागीदारों के लिए आयोजित एक बैठक में तीन नए उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने मक्का और धान के लिए हाइब्रिड (संकर) बीजों के अपने मौजूदा पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, मक्का में जीएमएच 6034 तथा जीएमएच 4110 और धान में नव्या के लॉन्च की घोषणा की। इस तरह कंपनी की अपनी शानदार अनुसंधान एवं विकास की क्षमताओं का लाभ उठाने और जलवायु के अनुकूल हाइब्रिड विकसित करने की दिशा में प्रयास जारी रखने पर ध्यान केंद्रित करने की नीति की पुष्टि होती है। ये लॉन्च, भारतीय किसानों की सेवा और उत्थान के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और दृढ़ करते हैं।

गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के फसल संरक्षण व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी, राजावेलु एन.के. ने इस व्यवसाय पर अपनी टिप्पणी में कहा, गोदरेज एग्रोवेट में, हमारा प्रयास है कि ऐसे समाधान पेश किये जाएं जो उपज बढ़ाने में किसानों की मदद करें। राजवेलु एन.के. ने कहा, हमारे अधिकांश हाइब्रिड बीज सूखे, बीमारी और गिरने की स्थिति सहन कर सकते हैं। हमारे मौजूदा हाइब्रिड बीज किसान तथा चैनल भागीदार दोनों को पसंद आ रहे हैं और हम बीजों को पैक करने तथा किसानों को बेचने से पहले की इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना जारी रखेंगे।

# नायब तहसीलदार ने नदी में अवैध रेत उत्खनन करते पकड़े ट्रैक्टर ट्राली

छिंदवाड़ा/चांद। क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश के मुखिया ने रेत माफियाओं के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के प्रशासन को सख्त निर्देश दे दिए हैं परंतु क्षेत्र के बिरले छुटभैया नेतागिरी की एवज में मानने को तैयार नहीं हैं और पेंच नदी का सीना छल्ली करने में तनिक भी कसर नहीं कर रहे हैं। कल देर रात रेत खनन की सूचना नवागत नायब तहसीलदार मोहित बोरकर को क्या पड़ी, रेत माफियाओं की शामत आ गई। नायब तहसीलदार मुखबिर की सूचना पर तत्काल रात्रि चांद तहसील के अंतर्गत आने वाले रमपुरी की और रवाना हुए और मौके पर रमपुरीघाट पेंच नदी से अवैध रेत उत्खनन करते एक आइसर ट्रैक्टर, तीन ट्राली जब्त की। मौके से गाड़ियों के लेवर व ड्राइवर भाग गए। ट्रैक्टर व ट्राली नायब तहसीलदार द्वारा पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर दिया गया है। नायाब तहसीलदार मोहित बोरकर ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर , ट्राली में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के आदेशानुसार मानसून के दौरान 30 सितंबर 2024 तक रेत खनन में पूर्णतः प्रतिबंध लगा हुआ है और 30 जून से श्ज्ञक्क पोर्टल भी बंद है। जिसके बावजूद भी रेत माफियाओं के हौसले इतने ज्यादा बुलंद हो चुके है कि आए दिन अवैध उत्खनन हो रहा है, इसे रोका जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम संत पुजारी संघ101 पौधे लगाये



**छिंदवाड़ा।** एक पेड़ मां के नाम मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ संघ के द्वारा रोना खुर्द कुदवारी गांव में 101 पेड़ लगाए गए जिसमें जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, धनंजय शर्मा ,अवधेश तिवारी, मनोज नंदू शर्मा, बंटी तिवारी, सुरेंद्र दुबे, सुरेंद्र शर्मा , विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी जिला प्रभारी राजेश द्विवेदी एवं समस्त पुजारी संघ के द्वारा 5000 पेड़ों का लगाने का संकल्प लिया गया जिसमें 500 पेड़ लगा चुके।

**पौधारोपण में हिस्सा लिया :** नवरात्र हैप्पी क्लब सुभाष पार्क छोटा तालाब छिंदवाड़ा द्वारा शासन के अभियान मां के नाम पौधारोपण में हिस्सा लिया गया जिसमें क्लब के दिवंगत सदस्यों की स्मृति में 21 पौधों का रोपण कर देख रेख करने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर नवरत्न हैप्पी क्लब एवं मॉर्निंग ग्रुप के सभी सदस्य गण तथा पार्क के कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा.

# इस्कॉन छिंदवाड़ा 10 जुलाई को निकलेगा रथ यात्रा

**छिंदवाड़ा।** इस्कॉन छिंदवाड़ा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ जी का रथ यात्रा कार्यक्रम 10 जुलाई दिन बुधवार को आयोजित होने वाला है। दोपहर 1 बजे पांडु विजय के साथ भगवान जगन्नाथ जी रथ पर सवार होगें, जहां उनका विशेष पूजन एवं भोग अर्पण होगा तत्पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ जी का रथ शनिचरा बाजार, गांधी गंज, तिलक मार्केट, यातायात थाना , मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, फव्वारा चौक, शिवाजी चौक , कलेक्ट्रेट, सत्कार तिराहा , षष्टी माता मंदिर से होते हुए कार्यक्रम का समापन सिंधु भवन मोहन नगर में होगा। समापन स्थल में भगवान जगन्नाथ जी को 108 भोग भक्तो के द्वारा अर्पित किया जायेगा। पश्चात भगवान जगन्नाथ को प्रिय गीत गोविंद एवं आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा रचित जगन्नाथ अष्टकम का गायन भगवान की प्रसन्नता के लिए किया जावेगा।इसके पश्चात सभी नगरवासियों के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस्कॉन ने सभी छिंदवाड़ा वासियों से आग्रह किया गया है कि जगन्नाथ रथ यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर रथ की रस्सी खींचकर अपने जीवन को सफल कृतार्थ करें। सेन्टर इंचार्ज पद्मपाणी दास ने बताया कि जगन्नाथ जी का रथ बरमान मंदिर नरसिंहपुर से छिंदवाड़ा आएगा, जिसमें विशेष हाइड्रोलिक तकनीक का उपयोग किया गया है, यह रथ अधिकतम 45 फीट ऊंचा हो जाता है एवं जगन्नाथ जी नर्मदापुरम से विशेष वाहन के माध्यम से छिंदवाड़ा 10 जुलाई को आएंगे। ये छिंदवाड़ा वासियों के लिए हर्ष कि बात है कि इस्कॉन छिंदवाड़ा के माध्यम से ही 12 जुलाई को सिवनी एवं 14 जुलाई को नैनपुर में रथ यात्रा का आयोजन किया जाने वाला है।

# ओमप्रकाश नयन विश्व साहित्य सम्मान से आज होंगे सम्मानित

छिन्दवाड़ा। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश नयन निर्दलीय प्रकाशन भोपाल के विश्व साहित्य सम्मान से सम्मानित होंगे। यह सम्मान 7 जुलाई 2024 को दोपहर 2 बजे से गांधी भवन भोपाल में दिया जायेगा । उल्लेखनीय है कि निर्दलीय प्रकाशन अपने 51वें स्थापना दिवस समारोह पर 7 जुलाई को आभासी अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान, राष्ट्रीय शिखर सम्मान और विश्व साहित्य सम्मान से साहित्यकारों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों को सम्मानित कर रहा है, जिसकी घोषणा संस्थापक संपादक कैलाश श्रीवास्तव आदमी द्वारा गत दिनों की गई है । इस आयोजन के अंतर्गत आभासी अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान से 6, राष्ट्रीय शिखर सम्मान से 16 और विश्व साहित्य सम्मान से 51 साहित्यकार, शिक्षाविद और समाजसेवी सम्मानित होंगे । विश्व साहित्य सम्मान की घोषित सूची में जिले के वरिष्ठ शायर अजमेरा मयकश युवा साहित्यकार भोले नेमा चंचल और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गोपेश वाजपेयी के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा पत्रकारिता शिखर सम्मान से सौंसर के वरिष्ठ पत्रकार हंसराज बारसकर को भी सम्मानित किया जायेगा। विश्व साहित्य सम्मान के लिये चयनित किये जाने पर निर्दलीय प्रकाशन के संस्थापक संपादक कैलाश श्रीवास्तव आदमी, संपादक प्रिंस अभिषेक अज्ञानी और मुख्य संरक्षक पवन कुमार जैन के प्रति जिले के वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश नयन के साथ ही वरिष्ठ शायर अजमेरा मयकश युवा साहित्यकार भोले नेमा चंचल और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गोपेश वाजपेयी एवं सौंसर के वरिष्ठ पत्रकार हंसराज बारसकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया है । जिले के साहित्यकारों का विश्व साहित्य सम्मान के लिये चयन किये जाने पर जिले के अन्य साहित्यकारों और परिजनों ने चयनित सभी साहित्यकारों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं।









## एक पेड़ मां के नाम

पंचायत ग्रामीण एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय आवासपर पंचायत प्रतिनिधियों एवं सहयोगियों के साथ वृक्षारोपण किया इस दौरान मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल की मौजूद रहे

### आदिवासियों के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद होगी

# धीरनशा की जीत से विपक्ष और अधिक मजबूत होगाः नकुलनाथ

### नकुलनाथ ने अमरवाड़ा ब्लॉक के 23 ग्रामों में किया ग्राम जनसम्पर्क

छिन्दवाड़ा। कांग्रेस की टिकट पर छह माह पूर्व जिन्होंने चुनाव लड़ा और जीते भी, किन्तु निजी स्वार्थ साधने के लिये उन्होंने जनता के मतों का अपमान करते हुये पाला बदल लिया जिसका नतीजा यह उप चुनाव है। इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी श्री धीरनशा सुखरामदास (दादा जी) आप सभी के सच्चे सेवक है। उनकी चार पीढियां जनता की सेवा में लगी हुई है अब धीरनशा जी भी राजनीति में आकर अमरवाड़ा के विकास व हर वर्ग की खुशहाली के लिये निरंतर कार्य करेंगे। उक्त उदगार आज जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अमरवाड़ा ब्लॉक में अपने सतत जनसम्पर्क के दौरान व्यक्त किये।



आंचलकुण्ड दरबार के जयकारों के साथ घोघरी में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुये नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा के राज में सबसे ज्यादा असुरक्षित आदिवासी है। पूरे प्रदेश में गैरकानूनी ढंग से आदिवासियों की जमीनें बेखौफ बेची जा रही। प्रशासन भी मौन बना हुआ है इसका सीधा अर्थ है कि सभी के गठजोड़ से आदिवासियों की जमीनें विक्रय की जा रही है। आय दिन प्रदेश के किसी न किसी हिस्से से यह सामने आता है कि आदिवासी के साथ अत्याचार हुआ है, पीटा गया है फिर भाजपा के नेता ने किसी आदिवासी पर पेशाब कर दी या फिर हत्या कर दी गई, यह आम बात हो चुकी है। हमें ऐसी सरकार को जवाब देने के लिये मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है आदिवासी विरोधी निर्णयों पर रोक लगाने एवं आदिवासी हितैषी योजनाओं को लागू कराने के लिये विधानसभा में आवाज बुलंद कर सके। साथियों यह तब ही संभव होगा जब कांग्रेस के पास अपने विधायकों की संख्या अधिक होगी।

श्री नाथ ने कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी धीरनशा सुखरामदास (दादा जी) के पक्ष में प्रचार करते हुये आम जनमानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि धीरनशा जीतकर जायेंगे तो विपक्ष पहले से और अधिक मजबूत होगा और आदिवासियों के हक व अधिकारों के लिये पूरी ताकत से सत्ता व शासन के समक्ष अपनी बात रखकर उसे पूरा करवायेंगे। अभी तक जिन्हें आपने अपना मत देकर चुना उन्होंने कभी भी आपकी समस्याओं के निराकरण के लिये कोई प्रयास नहीं किये। किन्तु मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि श्री धीरनशा सुखरामदास (दादा जी) जनसेवक है वे आपकी समस्याओं के निराकरण के लिये निरंतर कार्य करेंगे। अब तय आपको करना है कि जनसेवक चाहिये या फिर एक ऐसा राजा जिसने अपने स्वार्थ से ज्यादा किसी की परवाह नहीं है।

अपने दोनों हाथ उठाकर आंचलकुण्ड दरबार के जयकारे लगाते हुये नकुलनाथ ने कहा कि इस बार अमरवाड़ा के विकास के लिये केवल धीरनशा ही विकल्प है, 10 जुलाई को सभी पंजे की बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजें और अमरवाड़ा का झण्डा ऊंचा करें। जनसम्पर्क के दौरान श्री नाथ के साथ स्थानीय कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदंड पर होगी मूंग की खरीदी

# एफएक्यू प्रक्रिया का कलेक्टर एवं जिला उपार्जन समिति के समक्ष किया गया प्रदर्शन

छिन्दवाड़ा/ शासन के निर्देशानुसार जिले में निर्धारित केन्द्रों से ग्रीष्मकालीन मूंग का उपार्जन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदंड प्रक्रिया का आज कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं जिला उपार्जन समिति के सदस्यों के समक्ष उपार्जन एजेंसी मार्कफेड एवं नाफेड के सर्वेयरों द्वारा विधिवत प्रदर्शन कलेक्टर कार्यालय में किया गया। इस प्रक्रिया के अनुसार ही इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी एफएक्यू स्केनर मशीन के माध्यम से की जायेगी। अमानक स्कंध नहीं लिया जायेगा। एफएक्यू मापदंड के अनुसार मूंग एफएक्यू मापदंड (अधिकतम स्वीकार्य) विजातीय तत्व 2 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 3 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त दाने 3 प्रतिशत, आंशिक क्षतिग्रस्त दाने 4 प्रतिशत, सुकडे कुमलायें एवं टूटे



हुए दाने 3 प्रतिशत, फसल में कीट व्याधी ग्रस्त 4 प्रतिशत एवं नमी का अधिकतम प्रतिशत 12 प्रतिशत है।

कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला उपार्जन समिति के सदस्यों ने अपील की है कि किसान असुविधा से बचने के लिए मूंग सूखाकर, छानकर, मानक स्तर का स्कंध उपार्जन केन्द्रों पर लेकर आएं। एफएक्यू मापदंड का स्कैनर मशीन के माध्यम से प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर श्री सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जैसवाल, उपायुक्त सहकारिता जी.एस.डेहरिया, जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुजूर, जिला विपणन अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अनिल जैन, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रबंधक वेयर हाउस, नाफेड के सुपरवाईजर, सर्वेयर उपस्थित थे।

### भाजपा को जिताकर अमरवाड़ा को कांग्रेस से मुक्ति दिलाए

# भाजपा जीतेगी तो विकास के रास्ते खुलेंगेः बंटी विवेक साहू

छिंदवाड़ाः- केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार हैं भाजपा जीतेगी तो विकास के रास्ते खुलेंगे, कमलेश शाह तीन बार के विधायक रहें तीनों बार प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। वे विकास नहीं कर पा रहें थे। इसलिए उन्होंने आदिवासी क्षेत्र को विकसित करने के लिए भाजपा का दामन थामा। बंटी विवेक साहू ने अमरवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों मरकावाड़ा, बिनाई, बिल्हेरा, बरेला सहित दर्जनों ग्रामों में सघन जनसम्पर्क के दौरान व्यक्त किये। सांसद बंटी विवेक साहू ने नुक्कड़ सभाओ को संबोधित करते हुये कहा कि सत्ताधारी दल का जो विधायक होता है वह मंत्री से कम नहीं होता। जबकि विरोधी दल के विधायक की चलती नहीं हैं कमलेश शाह जी विकास नहीं कर पा रहें थे। उनके मन में पीड़ा थीं। क्षेत्र की जनता उनके पास जा रही थी इसलिए उन्होंने भाजपा में आने का निर्णय लिया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार अमरवाड़ा आ रहें हैं। अमरवाड़ा का विकास उनकी प्राथमिकता मे हैं भाजपा का मतलब विकास हैं जबकि कांग्रेस भ्रष्टाचार और विनाश की पार्टी हैं। उन्होंने कार्यकर्ता से आव्हान किया कि आने वाले विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जिताने पूरी ताकत से जुट जाये और अमरवाड़ा को कांग्रेस से मुक्ति दिलाए।

सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने उद्बोधन में केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुये, कहा कि निःशुल्क राशन दिया जा रहा हैं, लाडली बहना योजना का लाभ हर घर में मिल रहा है, भाजपा ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है, केन्द्र और प्रदेश सरकार से किसानों को सम्मान निधि सीधें उनके खातों में डाली जा रही है और भी कई योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने ने आमजनता से क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को जिताने की अपील की।

### सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत कलेक्टर श्री सिंह ने किया एस.आर.एस. का शुभारंभ

# सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम की शुरुआत मातृत्व सुरक्षा की ओर महत्वपूर्ण कदमः कलेक्टर


छिन्दवाड़ा। मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के ऑडिटोरियम हॉल में आज सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम (एस.आर.एस.) का शुभारंभ किया । जिले में कार्यरत गैर-सरकारी संस्था %अंतरा फाउंडेशन% ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहभागिता कर सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम का निर्माण किया है। इस सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम से पर्यवेक्षकों द्वारा कार्य में प्राथमिकीकरण करने, उच्च जोखिम वाले लाभार्थियों की पहचान एवं उपचार करने, प्राथमिकता के अनुसार दौरे एवं समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के 300 से अधिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.एन.के.शास्त्री, जिला अस्पताल से सुश्री शोभा मोइत्रा, सिविल सर्जन डॉ.सोनिया, एस.एन.सी.यू नोडल अधिकारी डॉ.लाम्बा, डीपीएम, डीसीएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मोनिका बिसेन के साथ ही जिले एवं ब्लॉक के सभी बीएमओ, सीडीपीओ, बीपीएम, बीसीएम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम (एस.आर.एस.) का शुभारंभ करते हुए एक कहानी के माध्यम से सभी को संबोधित करते हुये बताया कि छिंदवाड़ा जिले को अगर हमें स्वस्थ जिला बनाना हैं, तो दोनों विभागों के स्वास्थ कर्मचारियों को मिलकर मातृ तथा शिशु स्वास्थ एवं पोषण पर सुचारु रूप से कार्य करना होगा। जब हर एक व्यक्ति मिलकर कार्य करेगा तो हम कुपोषण, एनीमिया और अन्य गंभीर समस्याओं का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। कार्यक्रम में अंतरा फाउंडेशन की डिस्ट्रिक्ट लीड सुश्री अंकिता पांडे ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत जिले में सुपरवाइजर रिव्यू सिस्टम (एस.आर.एस.)÷ के शुभारंभ से निश्चित ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।अंतरा फाउंडेशन के बारे में- द अंतरा फाउंडेशन, एक गैर-सरकारी संगठन है जो प्रत्येक मां और बच्चे के स्वस्थ जीवन की समान शुरुआत के विजन के साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों को सुधारने की दिशा में छिंदवाड़ा सहित मध्यप्रदेश के 9 जिलों के 38 ब्लॉकों में कार्यरत है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने अमरवाड़ा उपचुनाव में कमलेश शाह के पक्ष में किया प्रचार


छिंदवाड़ा। अहिरवाड़ा शक्ति केन्द्र प्रभारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहों सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने अमरवाड़ा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजा कमलेश शाह के पक्ष में अहिरवाड़ा शक्ति केन्द्र में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं भाजपा को विधानसभा चुनाव जिताने हेतु कार्यकर्ताओं से संवाद कर प्रचार किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर हर्रई क्षेत्र के अहिरवाड़ा शक्ति केन्द्र के बूथ अध्यक्ष, बूथ समितियों एवं पन्ना प्रभारियों की बैठक लेकर उन्होंने आगामी उपचुनाव में अमरवाड़ा, हर्रई क्षेत्र के विकास हेतु भाजपा प्रत्याशी राजा कमलेश शाह को विजयी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर उनके साथ पधारे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल जी द्वारा भी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया गया एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर भाजपा को वोट



दिलवाने की बात कही ।

इस अवसर पर अहिरवाड़ा शक्ति केन्द्र में संपन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, अहिरवाड़ा शक्ति केन्द्र के प्रभारी अंकुर शुक्ला, भाजपा नेता शम्भू साहू, सूखापुरा सरपंच हरिप्रसाद, रैयाराव सरपंच खुमान शाह, अहिरवाराड़ा सरपंच प्रहलाद, कचनरा सरपंच घनश्याम, नीरज भारद्वाज, जितेन्द्र पीपले, कृपाशंकर सूर्यवंशी, अशोक बिंझाड़कर, कमलेश कवडेती, मरदान शाह धुर्वे, बलराम साहू, रमेश उइके समेत समस्त बूथों के अध्यक्ष, बीएलए, महामंत्री, पन्ना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे । उन्होंने एक पेड़ मॉ के अभियान के अंतर्गत अहिरवाड़ा पंचायत भवन के पास पौधारोपण भी किया ।

# हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा- पिता को अपनी बेटी से मिलने से रोकना क्रूरता




एक ऐतिहासिक फैसले में, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि वैवाहिक कलह के कारण एक पिता को अपनी बेटी से मिलने से रोकना मानसिक क्रूरता है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक का आधार नहीं बल्कि विवाह का टूटना ऐसे आधार हैं जिन पर अदालत क्रूरता साबित करते समय विचार कर सकती है।

फ़रीदाबाद फैमिली कोर्ट द्वारा पारित फैसले और डिक्री के खिलाफ पत्नी द्वारा दायर अपील पर 12 अक्टूबर, 2021 को सुनवाई हुई, जिसमें तलाक की डिक्री द्वारा विवाह को भंग करने की मांग करने वाली पति की याचिका को अनुमति दी गई। उसका तर्क था कि उसने कभी भी अपने पति या उसके माता-पिता को नाबालिग बेटी से मिलने से नहीं रोका। ऐसे में फैमिली कोर्ट के पास इसे क्रूरता का कृत्य मानने का कोई कारण नहीं था.

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि पत्नी का मामला यह नहीं था कि उसने स्वेच्छा से पति या उसके परिवार को बेटी से मिलने की अनुमति दी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत के हस्तक्षेप के बाद उन्हें मुलाक़ात का अधिकार दिया गया था। यह भी रिकॉर्ड में आया कि पत्नी ने स्कूल को पत्र लिखकर सुझाव दिया था कि पति और उसके परिवार को नाबालिग बेटी से मिलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

इसमें कहा गया कि दोनों पार्टियां 2015 से अलग हो चुकी हैं. वैवाहिक स्थिति को बनाए रखना आम तौर पर वांछनीय है। लेकिन जब शादी पूरी तरह से टूट जाती है तो शादी के बंधन में बंधने से दोनों पक्षों को कुछ हासिल नहीं होगा। अपील को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए सामान्य वैवाहिक जीवन फिर से शुरू करना संभव नहीं है।

# मध्य प्रदेश के इन 8 संभागों में बारिश की संभावना, 24 घंटों में यहां बदलेगा मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मानसून सक्रिय तो हो गया है लेकिन अभी भी कई जिलों में बारिश सामान्?य से कम है। कहीं पर तेज बारिश देखने को मिल रही है तो कहीं अभी भी उमस बनी हुई है और बारिश का इंतज़ार है। ग्वालियर जिले में भरपूर बारिश हुई है तो मालवा व निमाड़ में औसत हुई है। मौसम के जानकारों का अनुमान है कि अगले 24 से 48 घंटों में प्रदेश के 8 संभागों के जिलों में मौसम बदल सकता है। इसके चलते हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मानसून द्रोणिका के मध्य प्रदेश से



गुजरने के कारण ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, रविवार को ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, भोपाल संभाग के जिलों में मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। उज्जैन, इंदौर संभाग के जिलों में हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, मानसून द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, सतना, डाल्टनगंज, आसनसोल, बागती होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है।इस चक्रवात से लेकर असम तक एक द्रोणिका बनी हुई है, साथ ही इसी चक्रवात से लेकर उत्तर-पूर्वी अरब सागर तक भी एक द्रोणिका बनी हुई है, जो मध्य प्रदेश से होकर जा रही है। इसके अतिरिक्त गुजरात से लेकर केरल तक एक अपतटीय द्रोणिका बनी है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मानसून द्रोणिका नीचे आकर मध्य प्रदेश से गुजर रही है। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 44, मंडला में 18, सिवनी में 11, सीधी में 10, धार एवं शिवपुरी में दो, पचमढ़ी, नर्मदापुरम एवं मलाजखंड में एक, खजुराहो एवं मलाजखंड में 0.8 और गुना में 0.1 मिलीमीटर वर्षा हुई।

### 24 घंटे में यहां हुई सर्वाधिक वर्षा

पिछले 24 घंटे के दौरान शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक प्रदेश में सर्वाधिक श्योपुरकलां के बडोडा में 334, श्यौपुर में 193, पोहरी में 137, शिवपुरी में 131, बमोरी में 121, मालथौन में 110.6, नरवर में 105, बीना में 102.4 मिलीमीटर वर्षा हुई।

# मैनेजर ने पेट्रोल पंप मालिक को लगाई 19 लाख की चपत, तीन साल में हौले-हौले किया हेरफेर

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक की शिकायत पर उसके मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत करने का केस दर्ज किया है। मैनेजर ने तीन वर्ष में लगभग 19 लाख रुपये की हेराफेरी कर दी है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### यह है मामला

परवलिया सड़क थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि करोंद निवासी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखन मीना का एयरपोर्ट रोड पर ग्राम कुराना में पेट्रोल पंप है। उस पर ग्राम मुगालिया हाट निवासी प्रकाश भाटी मैनेजर था। लखन मीणा उस पर काफी भरोसा करते थे और पेट्रोल पंप का पूरा कामकाज उन्होंने उसे सौंप रखा था। पिछले दिनों लखन मीना ने हिसाब-किताब मिलाया था। उसमें उन्हें पता चला कि मैनेजर भाटी डायरी में जितने रुपये दर्ज करता था, उतने बैंक में जमा नहीं किए जाते थे। इसके बाद उन्होंने बारीकी से हिसाब-किताब देखा। इसमें सात अक्टूबर 2021 से लेकर 31 मई 2024 तक की जांच में लगभग 19 लाख की धोखाधड़ी पाई गई। थाना प्रभारी नागर ने बताया कि आरोपित प्रकाश भाटी ने अलग-अलग समय में पांच हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक बैंक में कम जमा कर अपने पास रख लिए थे। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



भोपाल स्थित कमला पार्क जगदीश मंदिर से जगदीश भगवान की यात्रा निकाली गई।

# उप-मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री देवड़ा से केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सौजन्य भेंट की





**भोपाल।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भोपाल स्थित आवास में सौजन्य भेंट की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की।

# उज्जैन के इस्कॉन मंदिर से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, इस बार यह होगा खास



**उज्जैन।** धर्मनगरी उज्जैन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल भी 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा देवी की रथयात्रा देवास रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से निकाली जाएगी। लेकिन इस बार की रथयात्रा कुछ खास होने वाली है। पहली बार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा देवी अलग-अलग तीन रथों में भक्तों को दर्शन देंगे।

भगवानों के लिए विशेष पोशाकें तैयार की जा रही हैं। इन पोशाकों में मुंबई, जापान और दिल्ली से मंगाए गए कपड़े और मोतियों का इस्तेमाल किया गया है। इनकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है। इन खूबसूरत पोशाकों को बनाने के लिए कोलकाता से कारीगरों को बुलाया गया है। 10 सालों से खुश खाजराह नाम के कलाकार उज्जैन आकर भगवानों की पोशाकें तैयार करते हैं। 8 कारीगरों ने 25 दिनों तक दिन-रात मेहनत करके यह अद्भुत पोशाकें तैयार की हैं। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा देवी के लिए रामा ग्रीन रंग के कपड़े का इस्तेमाल किया गया है। सूरत का सिल्क कपड़ा, दिल्ली से लाए गए हाई क्वालिटी मोती, रेशम धागा और सितारे पोशाक को और भी शानदार बना रहे हैं। निल माधव की भी पोशाक तैयार की जा रही है।





भोपाल में कांग्रेस की बैठक चल रही है। इसमें हारे हुए विधायकों से चर्चा हो रही है, वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति को लेकर भी नेताओं की चर्चा चल रही है।

# काम में लापरवाही बरतने पर कोलार स्वास्थ्य केंद्र का रेडियोग्राफर निलंबित

**भोपाल।** कोलार क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रेडियोग्राफर होतम लाल शर्मा को दायित्वों के प्रति अकर्मण्यता एवं लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। शर्मा द्वारा कार्यों में निरंतर उदासीनता बरतने की जानकारी सामने आने पर सीएमएचओ भोपाल डा. प्रभाकर तिवारी की अनुशंसा पर कलेक्टर भोपाल ने निलंबन आदेश जारी किया है। सीएमएचओ डा. तिवारी में बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार में डिजिटल एक्सरे मशीन इंस्टाल की गई थी, लेकिन होतम लाल शर्मा द्वारा इस मशीन से एक्स-रे नहीं किया जा रहे थे। इस कारण बड़ी संख्या में हितग्राहियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। संबंधित को स्थानीय स्तर से पूर्व में भी नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया। पदीय दायित्व में निरंतर लापरवाही बरतने पर होतम लाल शर्मा को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील 1966 नियम 9(1) के तहत निलंबित कर इनका मुख्यालय सिविल अस्पताल बैरसिया निर्धारित किया गया है।






### भोपाल में आगाज-3 हेरिटेज कार रैली-बेगम्स ऑफ भोपाल के लुक में पहुंचीं पार्टिसिपेंट, बोलीं- आम की गुठलियां लेकर चलते हैं साथ

भोपाल बेगम्स ऑफ भोपाल और राग भोपाली की ओर से आगाज-3 हेरिटेज कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली की शुरुआत 10 नंबर स्थित राग भोपाली से सुबह 9ः30 बजे हुई, जो गोलघर से होते हुए लेक व्यू के ड्राइव-इन सिनेमा पर खत्म होगी। इस कार रैली में महिलाएं शहर की हेरिटेज साइट्स और मॉन्यूमेंट्स तक जाएंगी और यहां की विरासत के बारे में समझेंगी।





# सड़क बनाकर संरक्षित करना भूले, इसलिए फुटपाथों पर हो रहे कब्जे

**भोपाल।** शहर में सुगम यातायात और ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर निगम, पीडब्ल्यूडी द्वारा विभिन्न नये मार्ग बनाए गए हैं। इन मार्गों पर लोगों का आवागमन भी शुरू हो गया है लेकिन जिम्मेदार नगर निगम और पीडब्ल्यूडी द्वारा इन मार्गों के आसपास खाली पड़ी भूमि और फुटपाथ को संरक्षित नहीं किया गया है। इस वजह से करोंद मंडी 80 फिट मार्ग के फुटपाथ पर लोगों ने दुकानें सजा रखी हैं।



### दुकानदारों ने फुटपाथ पर जमा रखा है कब्जा

पुराने शहर में सबसे बड़ी समस्या यातायात की है। कई प्रयासों के बाद भी यहां के मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है।बैरसिया रोड पर लांबाखेड़ा से लेकर भोपाल टाकीज तक हालात यह है कि सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं कुछ जगहों पर तो फुटपाथ खत्म हो गए हैं अब लोग सड़क पर ही सामान जमाने लगे हैं।इन्हीं कारणों से 80 से 100 फिट की सड़क महज 40 फिट की रह जाती है। जहां से दो पहिया वाहनों को निकलने में घंटों इंतजार करना पड़ता है जबकि राहगीर का पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है।

### रात में बनते हैं टपरे ,तैयार हो जाती है दुकान

शहर के नवीबाग से करोंद तक बने मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमणकारी कब्जा कर रहे हैं। यहां पर कुछ स्थायी दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान रख लिया जाता है। इसके अलावा एक तरफ सड़क किनारे फुटपाथ पर रात में अतिक्रमणकारी कब्जा करने के लिए बांस -बल्ली के टपरे बनाते हैं और कुछ दिन बाद यहां स्थायी पक्की गुमठी दुकान बना ली जाती है।यही हाल करोंद के नये मार्ग के किनारे हुआ है। यहां लोगों ने पहले टपरे बनाए और नगर निगम की अनदेखी के चलते लोगों ने अब पक्की दुकान, घर बना लिए हैं।

### आटो-आपे चालक और शोरूम संचालकों का कब्जा

अयोध्या नगर, जेल रोड, बैरसिया रोड के फुटपाथ पर दुकान, रेस्टोरेंट, होटल आदि के कब्जों के अलावा आटो-आपे चालक और शोरूम संचालकों का कब्जा है। यहां पर सड़क के दोनों तरफ वाहन चालक कब्जा कर खड़े रहते हैं । एक तरह से अस्थायी स्टाप बना लिए गए हैं।